"If the victims of the communal carnage lose hope of safety from the administration charged with a duty to proteet them, if Congress workers become victims of communal passion if the Government is derelict and negligent in dealing firmly with communalism, how long we shall be able to safeguard national unity?

Therefore, Sir, drift in the national policy is not the accusation of the Communists of the Left; drift in the national policy *is* the accusation levelled against you by your own people. We are alarmed because this drift in the national policy in the recent period is the root cause for the rise in the number of communal incidents in our country.

Sir, as I said earlier religious formality must be stopped in the State functions. Can it be denied that the inauguration of Ganga programme or master plan on the Ganges was gome-what shown on the television as the Hindu pooja? I was watching that day the television screen and it appeared as if the Pooja was being performed and Purohits were chanting Vedic *mantras* and *mangal ghats* were there and Prime Minister was there. Mr. Kamlapati Tripati was there: and everything was there on the national telecast. It was shown as if the Ganga pooja was being done and Pure-hit was the Prime Minister. If you don't call it a religious movement, what else it is? If it is not a drift of the national policy, what do you call it? Sir, this is being done deliberately by the ruling party to woo religious sentiments of different communities *ot* this country. Sometimes, concession is bein given to the Hindu communalist as they have done in Jammu, Could the Congress win Gwalior seat if some votes were not available from the communal sides? On some occasion, conces.'don is being given to the Muslim fundamentalists. Sir, what is the sit nation? Can the Minister deny that after forty years of independence, communal incidents are on the rise? Mr. Vice-Chairman, if you will not mind, let me quote what the hon. Home Minister, Mr. Buta Singh had said on the floor of Rajya Sabha. (Interruption).

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): You may quote it but you will not take more than on minutes because there are so many speakers. If you can quote within that limit, you can do so.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: I quote: "The Home Minister, while speaking on the floor of Rajya Sabha said, 88 districts are hypersensitive so far as communal incidents are concerned and 98 districts are sensitive". It means nearly 40 per cent of the districts in the country are sensitive or super-sensitive so far as the question of communalism is concerned. Sir, when Ahmedabad riots had taken place, Government had promised a number of steps. I would like the hon. Minister to tell us that it is not only necessary to condemn communalism but it is also necessary to indicate what steps the Government have taken or propose to take to curb communalism. in this country. I am one with the Congress (I) speaker who spoke just before me to suggest to the Government that communal parties should be banned There should be a ban on Senas and I am one with him in demanding that there should be a Bill so that more stringent measures are taken. If Congress means business, Communist Party is ready to support. Left is ready to cooperate but let us, first of all, see to what extent the Congress Party and the Government is sesrioui On the question of curbing communalism in this country. When Ahmedabad riots had taken place, we had a discussion. It is not for the first time that we are discussing communalism and on the floor of the House, the Minister had categorically stated that there will be a number of steps. What were those steps? They had suggested that the District Magistrate and the Superintendent of Police will be made personally liable if communal carnage takes place in their own region. May I ask the hon. Home Minister, Mr. Buta Singh, who himself has fallen a victim to com-munalists and terrorits and I send my

[Shri Gurudas Da*, Gupta] heartfflt condolences to him since I meet him for the first time after this Incident, could he tell me as to how many District Magistrates and how many Superintendents of Police have been punished or have been transferred because they have failed to curb communal incidents in their own region? Yes in Meerut, you have taken action after the incidents at Meerut had become an international scandal and that scandal had only pressurised you to take action. Maybe, that is a solitary action. Tell me, to what extent there is a slip betwen the cup and the lip of the presennt Government. There is gap betwe" a the promise and the deed. If the Government is serious, Left is ready to cooperate but you must prove your seriousness. Your second commitment was-there will be mixed anti-riot force. Whatever might be the reaction of the people belonging to the communal philosophy or communal parties. We do not mind. We want *t.* mixed force. We want Muslims, Hindus, Sikhs and Christians to be in the same anti-riot police force becausi if you form a police force with Hindus, what happenes? You have the example. The PAC in Uttar Pradesh instead of being custodian of law and order, has become a band Of gangsters. Defenders of law and order have become the greatest offenderr. Therefore, we want a mixed force. You promised it. I do not think anything is in sight which can be termed as a mixed anti riot force in this country. You promised precautionary measures. Can you cite a single example except one or two where the preventive detention measures have led to a situation where the riot had not taken place. Who does not know the Shiv Sena leader in the heart of Bombay who threatened a religious war? Was he arrested? Have you went the police to him to say that he has been speaking against the Indian Constitution? No finger wag raised against the gentleman who threatened * religious war under your nose in Bombay. Everybody knew that riot was going to take place in Meerut Everybody knew that something was in the air. After all that happened, people expected, rather aprerhend-ed that something of a bigger dimension was going to happen. What were the preventive measures taken by you? Why could you not prevent it? Therefore, it is not only a question of breach of promise, it is not only a question of violation of promise, but: it is a question of total failure of the State machinery because, in my opinion the State machinery, under the present leadership, has been affected by communalism. Instead of being secular, it is infected with communal elements. The State machinery is infected with communal elements. That is one of the reasons why the Government fails to take effective measures, preventive measures, to curb and stop the communal developments in the country.

To sum up, Sir, the rise of communal politics, the rise of communal trend, the rise of communai forces in the country finds its root in the very policy of the Government, in its concession in its connivance, in its compromise, in its dilatory tactics, in its drift from the national policy in the post-Nehru period. I do not believe that you carry forward the traditions created by Mohandas Karamchand Gandhi and Jawaharlal Nehru. It is different course. That secularism you have destroyed. That secularism is not there. May be secular' is a word to catch votes. Your 'secular' means enactment of Muslim Personal Law. Your 'secular' means opening of Vishwa Hindu Parishad Mandir in Haridwar. Therefore, this is now a drift from the national policy ones for all.

Secondly, Sir, I believe politics must be separated from religion.

Thirdly I believe the State machinery must be made free of ail communal elements. The State machinery mutt be really secular in the real sense of the term and as a step in that direc tion there should be anti-riot forces consisting of people belonging to different religions. Sir, I believe there should be a national consensus. Let the Prime Minister take the initiative. Let a conference of all the national parties be called. Let the natiaoal parties *evolve* a code of conduct. Let the national parties fight against communalism. I believe there should be all-party committees in ali those riot-prone areas. Sir, I believe whenever there is a communal incident, there shouid be an all-party delegation to see whether the State machinery is taking appropriate steps. Sir, I believe there should be exemplary punishment for those Officers who fail to discharge their responsibility in this particular regard. Sir, I demand the immediate disbandment of the PAC, the notorious gangsters.

Lastly, Sir, my appeal to the Congress, Party. At the beginning ot the proceedings today, they had complimented the Communists. Let me call upon the Congress Party members, those who are really secular, to get out of the shackles of communal elements and to build a really united front, a united movement against the rising menace of the communal monster in the whole of the country.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। मैं यह जानना चाहता हूं कि आप नाम किस आर्डर से पुकार रहे हैं ?

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : उपसभापति जी ने भी ऐसा कहा था कि कांग्रेस साईड से चार पांच सदस्यों को बोलने का मौका दिया जाए क्योंकि—

she thought that from Congress side also four or five Members should be given a chance. Now he is only second Member. Next is Malaviya

श्री कल्पनाथ राय (उत्तर प्रदेश) : आदरणीय उपसभाध्यक्ष जी, आडवाणी जी ने जो सांप्रदायिकता के सवाल पर यह बहस उठाई है आज यह देश के सामने मुख्य प्रश्न है । मुख्य समुदाय का अल्पसंख्यकों के प्रति विशेष उत्तरदायित्व है । इस देश की एकता और अखण्डता को सुदृढ़ करने के लिए एक ऐसी मूल्यवान पद्धति तैयार करने की जरूरत है जिसका सहनशीलता एक मुख्य अंग हो । जैसा कि हमारे एक विशिष्ट भूतपूर्व राष्ट्रपति डा० राधाकृष्णन ने कहा कि "राष्ट्रीय एकता का निर्माण चूने और पत्थर से नहीं किया जा सकता...इसको व्यक्तियों के हृदय और मन में सहज विकसित होना है ।" आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, आजादी की लड़ाई के दौरान हमारे राष्ट्रपिता महात्मागांधी ने "ईश्वर अल्लाह तेरे नाम, सब को सन्मति दे भगवान" की भावना का जो श्रीगणेश किया उसी में कांग्रेस पार्टी का राजनीतिक जीवन दर्शन लक्षित होता है । भगवान ने हिन्दुस्तान को, इतिहास का, भूगोल का, पहाड़ों का, समुद्र का एक राष्ट्र बनाया है । इसमें बहुत सी नेशनैलिटीज नहीं हैं । आप कम्युनिस्ट पार्टी के लोगों ने इसी भटकाव की राजनीति के कारण ही पाकिस्तान बनने का समर्थन किया था । आपने खुद महात्मा गांधी के नेतृत्व को स्वीकार नहीं किया ।

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Did you not support Pakistan? If it is true, did not Congress support the partition of India against the wish of Mahatma Gandhi?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI) If it is not then it cannot become a fact. The history is there. Anyway, he did not interrupt you. Why do you interrput him?

श्री कल्पनाथ राय : उपसभाध्यक्ष महोदय, चूंकि आपने कांग्रेस पार्टी के राजनीतिक जनदर्शन का चुनौती दी इसलिए मेरा धर्म है कि आप जैसी भटकाववादी पार्टी का मैं बताऊं कि आप वह पार्टी हैं जिन्होंने हिन्दुस्तान की एकता और अखंडता में विश्वास न करके मल्टी-नेशनलिटीज के सिद्धांत को माना और पाकिस्तान के बनने का समर्थन किया। उपसभाध्यक्ष महोदय, कांग्रेस पार्टी और हमने अपने देश के संविधान के प्रिएम्बल में दर्शाया है :

India will be a democratic, sceular, socialist, republic

दुनिया में कोई ऐसा देश नहीं है जिसके संविधान में ये फंडामेंटल चार्जेज, ये बुनियादी चार्जेज दर्शाये गई हों। आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान में साम्राज्यवाद की साजिश के कारण ये सांप्रदायिक दंगे, और साम्राज्यवादियों ने एशिया और अफ्रीका के मुल्कों में अपनी हकूमत को कायम रखने के लिए यहां के वासियों में सांप्रदायिकता की भावना को फैलाया। मोहम्मद शाह जफर के नेतृत्व में हिन्दू, मुसलमान, सिख, इसाई, पारसी सब ने आजादी की लड़ाई का शंखनाद किया और 1857 में सब मिलकर अंग्रेजों के खिलाफ लड़े। लेकिन साम्राज्यवादियों ने केवल हिन्दुस्तान का बंटवारा नहीं किया सांप्रदायिकता के आधार पर हिन्दुस्तान बांटा, हिन्दुस्तान, पाकिस्तान और कोरिया को बांटा, ईरान और दुनिया में बहुत से देशों को कई टुकड़ों में साम्राज्यवादियों ने बांटा और साम्राज्यवादियों की ही साजिश के कारण हिन्दुस्तान का बंटवारा हुआ और आज जो राजनैतिक दंगे हो रहे हैं इसमें राजनैतिक दल या पोलिटिकली मोटिवेटेड लोग दंगे कराते हैं। दंगे होते नहीं हैं। दंगे कराए जाते हैं, यह एक बहुत बड़ा बुनियादी प्रश्न है।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं देश के प्रधानमंत्री जी से और माननीय गृह मंत्री बूटा सिंह जी से अपील करूंगा कि वे हिन्दुस्तान के सब धर्मों के जो बड़े-बड़े टोप के लोग हैं, हिन्दुओं के शंकराचार्य, मुसलमान संप्रदाय के हेड-प्रीस्ट, सिखों के हेड-ग्रंथ, जैनियों के हेड-प्रीस्ट, बौद्धों के हेड-प्रीस्ट जो हैं, उन सबका एक सम्मेलन बुलाएं और उन सारे धर्म के बड़े-बड़े लोग से पूरे राष्ट्र के नाम यह अपील कराएं कि सारे धर्मों से सहन-शीलता उनका मुख्य लक्ष्य है, कोई धर्म किसी दूसरे धर्म से लड़ना नहीं सिखाता, एक भी धर्म दूसरे का खून करना नहीं सिखाता। इसके लिए मेरा निवेदन है कि प्रधानमंत्री जी पूरे राष्ट्र में जितने भी धर्म हैं, मजहब हैं, उन सब धर्मों, मजहबों के हेड-ग्रंथ का सम्मेलन बुलाएं और उन सब लोगों से सलाह-मशविरा करें, उनकी बातों को सुनें और उन सबकी तरफ से एक अपील पूरे राष्ट्र के नाम प्रसारित करें कि इस देश के लोगों को कोई भी धर्म किसी का खून करना नहीं सिखाता है, कोई लड़ाई करना नहीं सिखाता है। किसी धर्म में ऐसी बात नहीं है। मैं यह चाहूंगा, प्रधानमंत्री जी ऐसा सम्मेलन बुलाएं और सारे धर्म-गुरुओं से यह फतवा देश के नाम जारी करवाएं।

मैं प्रधानमंत्री जी से यह भी अपील करूंगा कि सारे राजनैतिक दलों का भी एक गोल-मेज कांफ्रेंस बुलाएं, जिसमें इस प्रश्न पर बहस हो। हमारे कम्युनिस्ट पार्टी के मित्र भी उसमें भाग लें और वहां अपने थीसिस बताएं। वह कहते हैं कि पोलिटिक्स से रिलिजियन का कोई रिश्ता नहीं है... (**व्यवधान**)....

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : आप यहां देख के बोलिए।

श्री कल्पनाथ राय : कम्युनिस्ट पार्टी के लोग कहते हैं कि पोलिटिक्स से धर्म का कोई रिश्ता नहीं है। मैं ऐसा नहीं मानता। मेरी दृष्टि में धर्म दीर्घकालीन राजनीति है, राजनीति अल्पकालीन धर्म है और सिद्धांत दीर्घकालीन कार्यक्रम है, कार्यक्रम अल्पकालीन सिद्धांत है।... (**व्यवधान**)...

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Sir, he has no difference with Mr. Advani. *(Interruptions)*. He has no difference with Mr. Advani, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): Why do you want to comment on his speech?

श्री कल्पनाथ राय : यह हिन्दुस्तान को समझने का केपेसिटी कम्युनिस्टों में कभी नहीं हुई । हिन्दुस्तान के कम्युनिस्टों ने हिन्दुस्तान को कभी नहीं समझा । इसलिए वे कहीं के नहीं हैं । उनको पूछने वाला कोई नहीं है । हिन्दुस्तान का राजनैतिक, आर्थिक स्थिति में कम्युनिस्ट मानसिक रूप से दिवालिए हैं । आज जब अमरीका ताकतें, आज जब साम्राज्यवादी ताकतें, आज जब दुनियां की सी०आई०ए० जैसी ताकतें हिन्दुस्तान में तोड़-फोड़ करने पर उतारू हैं, इस देश में डिस्टेबलाइजेशन करना चाहते हैं, तो आप जैसे लोग अपील करते हैं... **(व्यवधान)**...

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : कल्पनाथ जी, मेरे सामने देखकर बोलिए. मैं आपको बराबर सुन रहा हूं ।

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा हूं कि मेरा वह मान्यता नहीं है, जो इनका मान्यता है । मेरा दृष्टि में धर्म दीर्घकालीन राजनीति है, राजनीति अल्पकालीन धर्म है और सिद्धांत दीर्घकालीन कार्यक्रम है, कार्यक्रम अल्पकालीन सिद्धांत है । धर्म के अभाव में राजनीति अंधी है और राजनीति धर्म के अभाव में दिशाहीन है ।

आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं प्रधानमंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि हिन्दुस्तान का इतिहास री-राइट किया जाय । हिन्दुस्तान में देशी और परदेशी कौन---मैं अकबर को, जायसी को, कबीर को, गुरुनानक को, मोहम्मद शाह जफर को, जाकिर हुसैन को, फखरुद्दीन अली अहमद को, मौलाना आजाद को अपने पुरखे मानता हूं, यह हमारे हिन्दुस्तानी पुरखे हैं, हमारे देश के हैं, लेकिन विदेशी हैं, जिन्होंने बार-बार आक्रमण किया, चंगेजखां, तैमूरलंग, अयूब खां, याहया खां ये सारे लूटेरे हैं, हमलावर हैं । इसी प्रकार देशी-परदेशी का फर्क होना चाहिए कि जो देशी हैं, वह हमारे हैं और जो परदेशी हैं वह हमलावर हैं, लूटेरे हैं । हिन्दुस्तान के इतिहास द्वारा ही भारत की जनता को, नयी पीढ़ी को यह बताया जाना चाहिए कि लड़ाई कभी हिन्दू-मुसलमान के बीच नहीं रही हमेशा लड़ाई देशी और परदेशी के बीच रही । विदेशियों ने हमला किया देशियों पर। ... **(व्यवधान)** ...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI): I cannot give more time because there are to many speakers..

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, हिन्दुस्तान में संघर्ष हमेशा देशी-परदेशी के बीच रहा । मुसलमान-हिन्दू के बीच नहीं रहा । हिन्दुस्तान के इतिहास में अंग्रेजों ने, साम्राज्यवादियों ने हिन्दू-मुसलमान का झगड़ा खड़ा किया । ये झगड़ा हिन्दू-मुसलमान के बीच कभी नहीं था । आप जानते हैं कि हमारी झांसी की रानी का कमांडर-इन-चीफ मोहम्मद बिन गौस था । जब अकबर हिन्दुस्तान के हुकमरान थे तो मानसिंह उसके कमांडर-इन-चीफ थे । हमारे गफ्फार खान, महात्मा गांधी, हमारे अब्दुल कलाम आजाद, जवाहर लाल नेहरू, हमारे नेताजी, हमारे भगत सिंह, कैप्टन ढिल्लन, हमारे फखरुद्दीन अली अहमद, हमारी श्रीमती इंदिरा गांधी, अब्दुल कलाम आजाद---हिन्दु, मुसलमान, सिख, ईसाई सब ने कंधे-से-कंधा मिलाकर हिन्दुस्तान की आजादी की लड़ाई लड़ी है । हमेशा लड़ाई देशी-परदेशी के बीच रही है, हिन्दू-मुसलमान के बीच लड़ाई नहीं रही है । यह ऐतिहासिक दृष्टिकोण भारत की नई पीढ़ी के सामने जाना चाहिए । मैं आदरणीय गृह मंत्रीजी से निवेदन करूंगा कि इस आस्पेक्ट पर भी हमारी सरकार विचार करे ।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : अब समाप्त करें । बहुत लोग बोलने वाले हैं । आपकी पार्टी के सदस्य भी बोलने वाले हैं । सब को मौका मिलना चाहिए । साढ़े चार-पांच बजे बंद करना है ।

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, चूंकि यह बहस हो रही थी सांप्रदायिकता पर, सेकुलरिज्म पर, लेकिन हमारे मित्रों ने बिना कारण कांग्रेस पार्टी तथा कांग्रेस सरकार पर हमला किया । इसलिए

[श्री कल्पनाथ राय]

मेरा उनसे निवेदन है कि हिन्दुस्तान के राजनीतिक दर्शन में, हिन्दुस्तान के कांस्टिट्यूशन में, उसका जो प्रिएम्बल है, उसमें हिन्दुस्तान की मायनोरिटी को जितनी रिस्पेक्टीबिलिटी मिली है उतनी दुनिया के किसी भी देश में नहीं है। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या पाकिस्तान में मायनारिटी के लिए कोई भी रिस्पेक्टिीबिलिटी है, क्या बांगला देश में, क्या चीन में है, क्या रूस में है ? मैं पूछना चाहता हू कि क्या अमेरिका में हब्सी मायनोरिटी की कोई रिस्पेक्टिबिलिटी है। . . . (व्यवधान) . . . . क्या दुनिया के किसी भी देश में मायनोरिटी को रिस्पेक्टिबिलिटी है। हमने महात्मा गांधी की रहनुमाई में, आजादी की लड़ाई के दौरान फैसला किया था कि, "सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा, हम बुलबुलें हैं इसकी, यह गुलस्तां हमारा।" हमारे पंडित रामप्रसाद बिस्मिल ने कहा, "दरो दीवार पर हसरत रखते हैं, खुश रहो अहले वतन हम तो सफर करते हैं।" आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं देश के सभी राजनीतिक दलों से अपील करता हूं, कि वे सांप्रदायिकता के सवाल पर, कंधे-से-कंधा मिलाकर, राष्ट्रीय मतैक्य के आधार पर नेशनल कंसेंसस इवाल्व करें और सांप्रदायिकता के जहर को खत्म करने की कोशिश करें ताकि हिन्दुस्तान एक शक्तिशाली देश होते हुए एकताबद्ध राष्ट्र बने। देश की एकता और अखंडता को हम मजबूत बना सकें। उपसभाध्यक्ष महोदय, आज कम्यूनिस्ट क्या कर रहे हैं (व्यवधान) . . . आज वे अमरीकी सी०आई०ए० ताकतों के साथ मिल रहे हैं, आज हिन्दुस्तान के कम्युनिस्ट साम्राज्यवादी एजेंटों का साथ दे रहे हैं . . . (व्यवधान) . . . कम्यूनिस्टों का कोई सिद्धांत नहीं है। हिन्दुस्तान के कम्युनिस्टों ने हिन्दुस्तान और पाकिस्तान बनने का समर्थन किया। आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, 67 में क्या जनसंघ के साथ मिलकर आपने सरकार नहीं बनायी ? आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदय, कम्युनिस्ट पार्टी ने जनसंघ के साथ, मुस्लिम-लीग के साथ अपनी सरकारें बनायीं। स० पं० एस० के लोगों ने प्रतिक्रियावादी सरकारों का समर्थन किया। तो आपको अपने इतिहास को देखना चाहिए। मंठा मंठा गप्प और कड़वा कड़वा थू नहीं चलता। आइए, हम सब मिलकर राष्ट्रीयता के सवाल पर हम सब राष्ट्रीय मतैक्य के आधार पर सांप्रदायिकता का हल ढूंढें। तभी हम अतीत को सामने रख कर भविष्य के सुहावने सपनों के भारत का निर्माण कर सकेंगे, तभी हम एक शक्तिशाली राष्ट्र बना सकेंगे।

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Sir, I compliment him for his excellent speech

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, सांप्रदायिकता के आधार पर ही हमारे देश का बंटवारा हुआ। महात्मा गांधी जी ने 1947 से पहले कहा था कि इस देश का बंटवारा होगा तो मेरे शरीर का होगा। लेकिन गांधी जी जीवित रहे उस बंटवारे को देखने के लिए और उस बंटवारे के कारण हमारे राष्ट्रपिता की हत्या हुई। लेकिन 1947 के बाद से बराबर इस देश में सांप्रदायिकता बढ़ी है। अभी हाल में भी अहमदाबाद और गुजरात के कई स्थानों पर तथा उत्तर प्रदेश के कई स्थानों पर, बिहार में और यहां तक कि दक्षिण भारत में भी सांप्रदायिक दंगे हुए और यहां पुरानी दिल्ली में तो आये दिन सांप्रदायिक दंगे होते रहते हैं। हमको यह सोचना चाहिए कि आखिर जब इस देश में सभी लोग सभी राजनैतिक दल इस सांप्रदायिकता से छुट्टी पाना चाहते हैं, इसको समाप्त करना चाहते हैं तो क्या कारण है कि सांप्रदायिकता नित्य प्रति बढ़ती जा रही है। बराबर इस बात की मांग की गई है कि धर्म को राजनीति से अलग किया जाए। चुनाव आयोग ने भी कहा था कि जो धार्मिक स्थल हैं उनका प्रयोग या दुरुपयोग राजनैतिक कारणों से नहीं होना चाहिए। हक्सर कमेटी की रिपोर्ट है जिसके बारे में गृह मंत्री जी ने चर्चा की है अपने वक्तव्य में, उसके अनुसार राष्ट्रीय एकता परिषद की सब कमेटी में भी हक्सर साहब ने जो 12 सूत्री कार्यक्रम बनाया है, मैं समझता हूं कि उसमें जो तीन कार्यक्रम हैं उनके ऊपर तुरंत कार्यवाही की जानी चाहिए।

Ban the use of religions symbols In electioneering;

Section laws should be properly implemented;

Use of loudspeakers at religious places to be regulated;

Unauthorised construction of religious places to be curbed: Public places are encroached upon by building on them places of religious worship.

श्रीमन्, मुझे व्यक्तिगत रूप से जानकारी है कि सार्वजनिक स्थानों पर कुछ लोग जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं, वहां पर कोई पत्थर निकाल दिया या रात में डाल दिया और सुबह कहा कि यह महादेव की मूर्ति है। दिल्ली और इस देश के कई प्रदेशों में चौराहों पर जो मंदिर और मस्जिद बना दिए गए हैं। इसी तरीके से सार्वजनिक स्थानों पर अनधिकृत रूप से हस्तक्षेप करके गैर-राजनैतिक काम लोग करते हैं। मेरा सुझाव है कि हक्सर कमेटी की रिपोर्ट के बारे में मंत्री जी शीघ्र कदम उठाएं।

इसके बाद मैं मेरठ की चर्चा करना चाहूंगा। मेरठ में, जब से आजादी हुई है तब से 18 बार सांप्रदायिक दंगे हुए। वर्तमान जो दंगा हुआ है उसकी शुरुआत 14 अप्रैल से हुई। 14 अप्रैल से आज 25 अगस्त हो गई है, चार महीने से बराबर वहां पर दंगे हो रहे हैं।

श्री शान्ति धानी (उत्तर प्रदेश) : अब नहीं हो रहे हैं।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : स्वामी जी, इसके बाद आप बोलने वाले हैं।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : मैं कह रहा था कि वहां अब भी टेंशन है, वहां पर अब भी कर्फ्यू आर्डर लगा हुआ है। वहां पर जो लॉ एण्ड आर्डर के लिए जिम्मेदार हैं, कानून व व्यवस्था को कायम रखने के लिए जिम्मेदार हैं वे इस काम में पूरी तरह से असफल हुए हैं। 19 मई को मेरठ में कर्फ्यू आर्डर लगा था, चार बजे सुबह वहां किसी धार्मिक स्थल से किसी बात की घोषणा होती है। मुख्य मंत्री वहां पर थे और हटाए गई। मैं गृह मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि कर्फ्यू आर्डर में क्यों लोग घर से निकले और किस तरह भीड़ इकट्ठा हुई और किस तरह से दंगे हुए फिर उसके बाद वहां पर दो कांड हुए जो मैं समझता हूं मानवता के ऊपर बर्बर प्रहार था। पी०ए०सी० जिसकी जिम्मेदारी लोगों की सुरक्षा करना है उसने बिल्कुल इसके उलट काम किया। 22 मई को एक मुहल्ला है हाशिमपुरा, मैं वहां दो बार होकर आया हूं। हाशिमपुरा में हिन्दू और मुसलमान एक साथ रहते हैं। मुसलमानों की संख्या वहां पर ज्यादा है। 7 या 8 परिवार गरीब हिन्दुओं के वहां पर हैं। हम लोग वहां पर जाकर उन से मिले। मेरे साथ श्री मोहम्मद यूनुस सलीम भी थे। एक भी हिन्दू ने मुसलमान के खिलाफ शिकायत नहीं की बल्कि वहां जो महिलाएं थीं, दुकानदार थे उन लोगों ने कहा कि मुसलमान भाइयों ने हमारी सुरक्षा की। लेकिन हाशिमपुरा में होता क्या है कि 22 मई की शाम को पी०ए०सी० जाती है और पी०ए०सी० वहां जाकर ट्रक में जबर्दस्ती लोगों को बैठाती है और ट्रक में बैठाकर 50-60 लोगों को मार कर वहां मुरादनगर में एक नहर है वहां डाल देती है। इस बारे में जब जांच मांगी गयी तो उसका कोई उत्तर नहीं आता है। 23 मई को क्या होता है ? मेरठ शहर से 7 किलोमीटर दूर मलियाना एक जगह है। कुछ मेरे भाई मस्जिद से नमाज अदा करके आ रहे थे। पी० ए०सी० वहां पर पहुंचती है। वहां पर पहुंच कर दनादन गोलियां चलाना शुरू कर देती है। 22 लोगों की वहां मौके पर हत्या हो गयी लेकिन उसके बाद भी

(श्री सत्य प्रकाश मालवीय)

वहां पर पी०ए०सी० को बरकरार रखा गया । इस सम्बन्ध में इंडियन एक्सप्रेस में एक लेख छपा है बहुत ही विद्वान लेखक ने लिखा है—अजगर अली इंजीनियर ने 22 जून, 87 में पी०ए०सी० के रोल के सम्बन्ध में इंडियन एक्सप्रस' में जो लेख छपा है उसकी 6–7 लाइनें उद्धृत करना चाहता हू :

U.P. Government, of course has been the real culprit'. It has played the moat unscrupulous role in this whole affair. The Chief Minister, Sir, I -will not none him, but who is neither Veer, nor Bahadur, nor Singh, can scarcelly escape responsibility for the conduct of the PAC in Meerut. He was unwilling to withdraw the PAC when it was in its killing spree. He was against handing over the town to the Army. Had it been handed over to the Army many precious lives sould have been asved.

Now, all this massacre has taken place and he is not willing to with draw the PAC, let alona taking action against it..

लोगों ने यहां तक आरोप लगाया कि मुख्य मंत्री के आदेश से पी०ए०सी० ने वहां पर नृशंस हत्या की । जम्मू-कश्मीर के मुख्य मंत्री श्री फारुख अब्दुल्ला जब मेरठ में जाना चाहते थे वहां के हालात को देखने और राहत पहुंचाने के लिए तो उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री ने उनसे निवेदन किया कि वह वहां पर न जायें । यह हाल है पी०ए०सी० का उत्तर प्रदेश में। दो तरह के कांड होते हैं । पी०ए०सी० के सिलसिले में जब भी वहां पर जांच मांगी गई मना कर दिया गया । गृह मंत्री जी ने अपने बयान में अभी बताया है कि तीन इंक्वायरी कमेटी बैठाई गयी हैं । एक इंक्वायरी बैठायी गयी है मलियाना कांड के सिलसिले में । एक न्यायिक जांच बैठाई गयी है 22 मई को जो कांड हुआ या 23 मई को उसकी घोषणा की गयी थी कि न्यायिक जांच बैठा रहे हैं लेकिन दो-तीन दिन पहले तक कौन जज होगा इस जांच का, इसकी घोषणा नहीं हुई थी । तीन-चार महीने पहले कहा गया था कि जांच बैठाई जा रही है कल ही पता लगा है कि जज की घोषणा हुई है । मेरा निवदन यह है कि मेरठ में 14 अप्रैल से लेकर बस कांड तक जो 15–20 दिन पहले हुई, सारे मामलों की न्यायिक जांच कराई जानी चाहिए । हाशिमपुरा में जो कांड हुआ उसके सिलसिले में मैं बताना चाहता हूं कि पी०ए०सी० ने वहां पर बबर हत्या की, नृशंस हत्या की । लोगों को जानबूझ कर ट्रक में बैठाया गया और मार कर नदी में डाल दिया गया । इस सम्बन्ध में गृह मंत्री जी को भी पत्र लिखा गया । प्रधान मंत्री जी से मेरे दल के लोग जाकर मिले कि इस मामले की जांच कराओ । जांच भी कराने को तैयार नहीं हैं । इसलिए हमारे दल के श्री सुब्रह्मण्यम स्वामी को आमरण अनशन करना पड़ा । मुख्य मंत्री जी से कहा गया लेकिन कोई असर नहीं हुआ । जब उन्हीं के इशारे पर यह हुआ तो उनको कैसे कहा जा सकता था जांच के लिए । गृह मंत्री ने कहा है ज्ञान प्रकाश जांच कमेटी की रिपोर्ट अभी नहीं आयी है ।

"Another three_member committee under the Chairmanship of Shri Gyan Prakash, former Comptroller & Auditor General of India is conducting an administrative enquiry.

गृह मंत्री जी ने 8 अगस्त को डा० स्वामी को जो पत्र लिखा है उसमें यह आश्वासन दिया था कि इस कमेटी का इन्टरिम रिपोर्ट मंगाई जाएगी । उनका जो 8 अगस्त का पत्र है उसमें उन्होंने जो कुछ लिखा है उसको मैं यहां पढ़ देना चाहता हूं :—

"As you are aware, the committee headed by Shri Gyan Prakash had been entrusted with the task of enquiring into tha incidents la Meerut. I understand that their enquiry would include happenings in-

Hashimpura. I talked to the Chief Minister, U. P. this morning (i.e., 8th August). He told ma that he igsued a press statemen after taking to Shri Gyan Prakash. Accordingly, Shri Gyan Prakash has been asked by Chief Minister,U.P., to submit immediately an interim report. Based on the interim report, further investigation, if any, would be taken up by the Government most expeditiously. Chief Minister has also assured prompt action on this issue."

मेरा निवेदन है कि आज गृह मंत्री जी ने अपना जो वक्तव्य दिया है उसमें कहा है कि ज्ञान प्रकाश कमेटी ने अपनी इन्टरिम रिपोर्ट अभी तक नहीं दी है । 8 अगस्त के पत्र में गृह मंत्री जी ने यह आश्वासन दिया था कि मुख्य मंत्री से मेरी बात हो चुकी है और मुख्य मंत्री ने वायदा किया है कि वे ज्ञान प्रकाश कमेटी की इन्टरिम रिपोर्ट तुरन्त मंगाएंगे और उस इंटरिम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी । जहां तक मेरी जानकारी है, मुझे विश्वस्त सूत्रों से पता चला है कि ज्ञान प्रकाश कमेटी ने अपनी जांच रिपोर्ट, इंटरिम रिपोर्ट उत्तर प्रदेश सरकार के पास भेज दी है और उत्तर प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय सरकार के पास भेज दी है और इसमें जो आरोप प० ए० सं० पर है उसकी संपुष्टि की गई है । मैं जानना चाहता हूं कि ज्ञान प्रकाश कमेटी की इंटरिम रिपोर्ट पर आपने क्या कार्यवाही की है और इस रिपोर्ट की सारे देश को कब तक जानकारी दी जाएगी ?

अन्त में मैं कहना चाहता हूं कि अप्रैल माह में मेरठ काण्ड हुआ । यह क्यों हुआ ? आप जानते हैं कि फैजाबाद में, अयोध्या में, कभी साम्प्रदायिक दंगे नहीं हुए । लेकिन राम जन्म भूमि और बाबरी मस्जिद को लेकर 14 अप्रैल को मेरठ में दंगे हुए । 37 साल तक बाबरी मस्जिद और राम जन्म भूमि का मामला न्यायालय में चल रहा था और वह भी सब-जज और सिविल जज की अदालत में। इस बाबरी मस्जिद और राम जन्म भूमि के विवाद के कारण सारे देश में साम्प्रदायिक तनाव बढ़ रहा है, निर्दोष लोग मारे जा रहे हैं आप इस मामले को खाली कानून और व्यवस्था की स्थिति मानकर नहीं चल सकते हैं और यह कह कर नहीं छोड़ सकते हैं कि यह राज्य सरकार का मामला है । इस विवाद के कारण देश की एकता और अखण्डता को खतरा पैदा हो रहा है। दंगों में गरीब लोग मारे जाते हैं, उनकी रोटी-रोजी मारी जाती है। इस संबंध में मेरा सुझाव है कि बाबरी मस्जिद और राम जन्म भूमि के बारे में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से हाई कोर्ट में दरखास्त देनी चाहिए कि 37 साल से जो मामला सिविल कोर्ट में चल रहा है उसको हाई कोर्ट अपने यहां मंगा ले और मंगाकर जो ओरिजिनल दरखास्त है उस पर अपना फैसला दे । जो न्यायिक फैसला हो वह सबको मान्य हो। अगर हमने बाबरी मस्जिद और राम जन्म भूमि का मामला तय नहीं किया तो तनाव बढ़ेगा और निर्दोष लोग मारे जाएंगे । इसलिए मैं स्पष्ट रूप से जानना चाहता हूं कि माननीय मंत्री जी अपने उत्तर में बतायें कि बाबरी मस्जिद और राम जन्म भूमि के विवाद को सुलझाने के लिए वे और सरकार क्या कदम उठाने जा रहे हैं ?

श्री शांति त्यागी :—मान्यवर, पिछले कुछ वर्षों से हमारे देश में धार्मिक कट्टरतावाद और साम्प्रदायिकता की ताकतें बहुत जोर पकड़ रही हैं । इस संबंध में सभी माननीय सदस्यों ने अपनी चिन्ता प्रकट की है । मैं मानता हूं कि हमारे देश की एकता के लिए और अखण्डता के लिए साम्प्रदायिक ताकतें मिलकर चुनौती पैदा कर रही हैं । हमारी कांग्रेस वर्किंग कमेटी और माननीय प्रधान मंत्री जी ने पूरे देश का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है । पिछले दिनों दिल्ली में, मेरठ में, अहमदाबाद में जो भी साम्प्रदायिक हिंसा की घटनाएं हुई हैं उनसे पूरे देश का दिल दहल गया है । जो भी इस तरह की घटनाएं हुई हैं वे शर्मनाक घटनाएं हैं । मेरठ के झगड़ों को हमने खुद देखा है, अपनी आंखों से देखा है । वहां छुरेबाजी

[श्री शान्ति त्यागी]

को घटनाएं बहुत नहीं हुई हैं, वहां पर आमने-सामने की लडाई हुई है । नौजवानों में चाहे वे हिन्दू हों या मुसलमान उनमें यह भावना आ गई है, यह मैं आपको बताना चाहता हूं । यह कहना कि इसको चंद गुंडे कर रहे थे मैं यह बात मानने के लिए तैयार नहीं हूं कि मंत्री जी होकर आये हैं, माननीय प्रधानमंत्री वहां गये हैं, मुख्य मंत्री वहां गये हैं । सैंकडों हजारों की तादाद में दोनों सम्प्रदायों के लोगों ने जाकर आगजनी की है, अनेक दुकानों को जलाया है, रिहायशी मकानों को आग लगाई गई है, पैट्रोल पम्पों को आग लगाई है, कारखानों को आग लगायी है और जिन्दा आदमियों को जलाया है । यह मेरठ के अंदर हुआ है । हालांकि मैं यह हरगिज मानने को तैयार नहीं हूं कि मेरठ में इतने फिरकापरस्त लोग हैं। लेकिन यह जहर जो है यह काफी फैला दिया गया है। हिन्दू हों या मुसलमान हों, उन फिरकापरस्तों ने अपना जहर इतना फैला दिया है कि नौजवानों के अंदर यह जरूर जहर घुस गया है। मान्यवर, वहां पर 15 साल के बच्चे से लेकर 35 साल के नौजवानों तक, हिन्दू और मुसलमान, अपने अपने मुहल्लों में आगजनी करते हुए मैंने देखा हैं । उन्होंने पुलिस वालों पर भी हमला किया है । यह मेरठ के अंदर हुआ । वहां पर करोड़ों का नुकसान हुआ यह तो छोड़ दिये लेकिन जो सबसे बड़ा नुकसान वहां पर हुआ वह यह कि वहां पर बहुत से मासूम लोग मारे गये, हिन्दू और मुसलमान मारे गये, हिन्दुस्तानी मारे गये । यह जो नुकसान हुआ यह हिन्दुस्तान का हुआ । मलियाना और हासिमपुरा के बारे में मेरे कहने की बात नहीं है, इस बारे में सारा देश जानता है लेकिन जो बात हुई है मैं साफ कहना चाहता हूं कि यह कहना कि हजारों आदमी मारे गये यह बात झूठ है । ये जो आदमी मारे गये हैं ये पी० ए० सी० की गोली से मारे गये हैं । लेकिन दिल्ली के अखबारों में जो खबर आती है जो अफवाहें फैलायी जाती हैं यह नहीं होना चाहिए । इस पक्ष के सदस्य हों या उस पक्ष के हों लेकिन उन्हें इस तरह की अफवाहों में भागीदार नहीं बनना चाहिए । मलियाना और हासिमपुरा में जो हुआ वह बहुत दुखदायी है और हमें उम्मीद करनी चाहिए कि शीघ्र ही तथ्य सामने आयेंगे और चाहे उसके लिए दोषी कोई अधिकार हो, या छोटा सिपाही हो या प्रशासनिक अधिकारी हो, उसको पूर सजा दी जायेगी, ऐसा हमारा विश्वास है । मेरी सरकार से भी प्रार्थना है कि दोषियों का पता लगा कर उन्हें सजा देने का कष्ट करें । महोदय, मैं आपसे सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि वहां पर गृह मंत्री गये, मुख्य मंत्री गये, यू० पी० के गृह मंत्र गये थे और उन्होंने लोगों से मुलाकात भी की थी । उप-सभाध्यक्ष महोदय, यह कहना कि उत्तर प्रदेश की सरकार ने दंगा करवाया है यह बिल्कुल नितान्त झूठी बात है । यह कहना कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का दंगे फैलाने में, साम्प्रदायिक हिंसा फैलाने में, आगजनी कराने में हाथ है यह बिल्कुल झूठ है । इस तरह की बातें किसी जिम्मेदार आदमी को नहीं कहनी चाहिए । प्रधान मंत्री जी ने आठ घंटे वहां बिताये, माननीय बूटा सिंह वहां गये, माननीय चिदम्बरम् जी वहां गये, अन्य नेता वहां गये । उन्होंने मोहल्लों-मोहल्लों में जाकर लोगों की शिकायतें सुनी हैं, पब्लिक के नुमाइन्दों से मिले हैं और वहां के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं । मान्यवर, मैं सिर्फ दो-तीन बातों का क्लेरीफिकेशन माननीय मंत्री महोदय से चाहता हूं ।

एक तो यह कि क्या मंत्री महोदय यह स्वीकार करेंगे कि मेरठ में बहुत दिनों से, उपसभाध्यक्ष जी, मैं सही बात आपको बोल रहा हूं, पिछले पन्द्रह सालों से मेरठ नगरपालिका के चुनाव नहीं हुए । नगरपालिका के चुनाव न होने के कारण हिन्दू और मुसलमानों के बीच में कम्युनिकेशन गैप बढ़ गया है । प्रशासनिक मशीनरी की दृष्टि से भी हिन्दू और मुसलमानों में कम्युनिकेशन गैप बढ़ गया है । मेरठ के बारे में इस बात का सब को पता नहीं है । अतः आप शीघ्रतिशीघ्र नगरपालिका का चुनाव कराइये । दंगे की

एक वजह यह भी है । यह भी एक कारण है कि लोगों के बीच में कम्युनिकेशन जो नगरपालिका के माध्यम से था वह नहीं रहा । मैं मंत्री जी से यह भी पूछना चाहता हूं कि क्या यह बात सही है कि हिन्दू-मुसलमान जो सूत व्यापारी हैं, कारखानेदार हैं, जो छोटे मोटे कारखाने चलाते हैं उनकी प्रतिस्पर्धा ने दंगे भड़काने का काम किया ? यह बात सरकार स्वीकार करती है या नहीं ? मैं यह भी पूछना चाहता हूं कि ऐसे नौजवानों की संख्या बहुत बड़ी थी जिन्होंने इन दंगों में हिस्सा लिया । इसलिये मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि इन नौजवानों के ध्यान को डाइवर्ट करने के लिये सरकार वहां क्या कर रही है । मेरठ में रोजगार के पूरे साधन उपलब्ध नहीं हैं, वहां पर कारखानों का नाम नहीं, मिलों का नाम नहीं, बेरोजगारी की बेइन्तहा समस्या वहां पर है । यहां पर सी.पी.आई. के भाई बैठे हुए हैं । मैं 30 साल तक कम्युनिस्ट पार्टी में रहा हूं और 16 साल से कांग्रेस पार्टी में हूं । मैं अब भी वही हूं जो उस वक्त था सेकुलर और कांग्रेस पार्टी भी सेकुलर पार्टी है । इसका तो जन्म ही सेकुलरिज्म के सिद्धांत पर हुआ है । मैं यह कह रहा हूं कि वहां बेरोजगारी को मिटाने के लिए ताकि नौजवान लोग हिंसा की तरफ न जाए सेंट्रल गवर्नमेंट या स्टेट गवर्नमेंट द्वारा मेरठ का औद्योगीकरण किया जाए । इस तरह से जो बेरोजगार नौजवान हैं उनको काम मिलेगा । इसलिए इस तरफ ध्यान दिया जाना चाहिये । साम्प्रदायिक दलों तथा जो आज कहीं शिव सेना बनी है या कोई आदम सेना हो इन पर पाबन्दी लगा दी जाए । मैं यह मानता हूं कि आप दुनिया भर की चीजों को 144 दफा लगा कर रोकते हैं लेकिन ऐसे सम्मेलनों पर पाबन्दी लगा दी गाए जिनसे फिजां बिगड़ती हो । मेरा यह कहना है कि सरकार कम से कम धार्मिक जुलूसों को नियमित करे क्योंकि कई दफा रूट की जिद हो जाती है । यह कहा जाता है कि हम तो इस रूट पर जाएंगे इसलिए सरकार को इस पर पाबन्दी लगा देनी चाहिये । इसके साथ-साथ धार्मिक स्थलों पर आइंदा कभी भी लाऊड-स्पीकर का इस्तेमाल नहीं होगा चाहे मन्दिर हो, मस्जिद हो या गुरुद्वारा हो । हमारे यहां मेरठ में हमने एक बहुत अच्छी बात यह की गई है कि मुहल्लों में कल्चरल प्रोग्राम आयोजित किये जाते हैं कहीं पर क्रिकेट का, कहीं पर केरम का, कहीं पर ड्रामा, कहीं पर डिबेट की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है । यह कार्य वहां के प्रशासन ने शुरू किये हैं मुहल्लों में जा कर जिनमें हिन्दू मुसलमान लड़के-लड़कियां हिस्सा लेते हैं । यह बहुत अच्छी बात है सरकार को इसको इनकरेज करना चाहिये । मैं मंत्री जी से कह रहा हूं कि मेरठ बहुत बदनाम हो गया है । मालवीय जो ने 18 दफा कहा कि दंगे हुए हैं, इसमें कोई शक नहीं कि दंगे हुए हैं । अब सब से बड़ा दंगा हुआ है हिन्दुस्तान का जहां बसों में से खींच कर के एक सम्प्रदाय के लोगों ने दूसरे सम्प्रदाय के लोगों पर लाठियों, बल्लमों से घातक हमला किया । यह देश के लिए बहुत शर्म की बात है । मैं यह कहता हूं कि आप दो सौ आदमियों की एक सेना बना दो, मेरठ में हमने ऐसे दो सौ आदमी तैयार किये हैं जो कांग्रेस के पक्ष के सेकुलर और डेडिकेटेड लोग हैं अच्छे मिजाज के लोग हैं, लेफ्ट पार्टियों के लोग हैं बी०जे०पी० या दूसरे कम्युनल दलों के लोग नहीं हैं क्या सरकार इन लोगों को हथियार देगी ? जहां कहीं जरूरत होगी क्योंकि मुसलमानों के मुहल्लों में जाएंगे तो मुसलमान लड़के इस में हैं और हिन्दुओं के मुहल्लों में जाएंगे तो हिन्दू लड़के हैं दोनों मिलकर के जाएंगे वह हाथ भी जोड़ेंगे, परसुयेड भी करेंगे, शूट भी करेंगे क्योंकि हथियारबन्द होंगे। इसलिए क्या आप एक ऐसी दो सौ लड़कों की सेना को हथियार देने के लिए तैयार हैं मुझे मालूम नहीं कि अहमदाबाद में आप क्या करेंगे लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि अगर इन को

[श्री शान्ति त्यागी]

सौ लड़कों को हथियार दे दिये जाएं तो मेरठ में भविष्य में साम्प्रदायिक हिंसा में बड़ी रोकथाम होगी । धन्यवाद ।

SHRI ALADI ARUNA *alias* V.ARU. NACHALAM: Mr. Vice-Chairman, Sir. communalism is a menace in our sountry. It has spread its tentacles in the north with the patronage of most ©f the political leaders. In pre-Iade-pendence period, British people took advantage of communalism, but communalism is not a legacy of colonial rule. Hon. Minister has stated in his statement that it is a lagacy of colonial rule. In fact, communalism is the legacy of Hinduism. It is there because of the Hindu literature, Pura-nas, Vedas and epics, dharma shatras, they are mostly responsible for the caste, creed differences. Most of the political leaders in the north who are harangAng against communalism are surreptitiously extending support to the communal forces. In western sountries there are political parties with religious name, like the Christian Democratic Parly, Catholic Republic Party but, in fact, they are non-religious, but peculiarly in India the political parties with secular names are mostly communal and religious. After the tusgid growth of terrorism in Punjab and he sporadic spread of violence and communalism in various parts of India, our Government has some forward to advocate the policy of isolating religion from politics. As far las Anna-DMK is concerned, we quite agree with the policy of this Government. Unless religion is separated from politics, unless political leaderis dissociate themselves from their religious organisations, unless political parties resist extending help to the communal forces, the chances of curbing communalism are dim. In feet it will be a futile attempt.

If we go through the number of riots, loss of life and destruction of properties, exodus of people and growth of enmity between the Muslims and the Hindus, we must be ashamed of the prevailing conditions. After Independence, no doubt the area of science and technology has increased, the number of literary people has increased, the relationship with the Western countries hag been substantially strengthened and Western thoughts have been allowed to flow freely in our country. Also condemnation of castes and creed is still. ringing in our ears from all corners and exhortations for a classless so ciety and socialist philosophy are be-coming the slogans of almost ali political parties. Despite atl these changes and awareness, the virulent growth of communalism has not been checked in our country. In fact it has ramified every where. No year is free from riots. Hundreds of people are killed every yead in communal riots. If you go through the data of number of communal riots and the number of people killed in them ,the picture is very dismal and disdainful. In 1980, the number of riots, for example, was 421 and the number of people killed was 275; in 1981, 319 and 196; in 1982; 479 and 238; in 1983, 500 and 1143; in 1984, 476 and 445, in 1985; 525 and 238 respectively. In the year 1986 and 1987 upto now the figure has surpassed the earlier figure. The communal riots which broke out recently in Meerut Ahmedabad, Baroda and Delhi, were highly virulent and explosive, Despite patrolling by the police and march-past by the army and other forces, fire-arms and bombs have been freely utilised by unsocial elements. Trade centres and shops have been looted under the very nose of the armed personnel and a large number of innocent people have been killed.

As far as the State Government is concerned, it has totally failed to control the situation. Had it happened in a non-Congress ruled State, I am to remind that perhaps Art. 356 would have been invoked by the Central Government. Since lt happened in Uttar Pradesh, the Government

has allowed every situation without invoking Art. 356. It is alleged that the Government was a silent spectator to the unsocial elements wielding their *awards* freely. More than that, the PAC unit ruthlessly attacked the minorities and mercilessly killed innocent Muslims.

Every year communal riots erupt only in particular areas. The riots are pre-planned, instigated and conspired lor political purposes and to suppress the rights of the minorities. The traditional hatred, ill-feeling and enmity between the Hindus and Muslims is dangerously un-4.00 P.M. bridgeable. The political parties -which are having the responsibilty of creating harmony and cordial relations between the two communities fuel the situation and keep the issue alive for years. That is why there is an abnormal delay in solving the dispute of Ram Janma-bhuml.

Sir, the case is pending from the year 1949 but not even a single hearing has been helped so far regarding this case. Why such unpreceden*ed delay in conducting the case? Hindus claim that it is the birth-place of Lord Rama. Muslims aver that a mosque was built by Emperor Babar. Both the claims are based on fanaticism and fundamentalism, unaided by reason and unsupported by documentary evidence. As you know, Sir, according to history, Rama is a legendary figure, an epic hero. Our late Prime Minister, Panditji, also clearly stated it in The Discovery of India I quote:

> *I* don't think I ever attached very much importance to these theories as factually true and I even criticized the mythical and procom-munal element in them."

I am to remind the House that in the various Ramayanas written by Valmiki, Tulasidas and Kambar of the South, the birth of Rama has been depicted in vrious manners because it is a legendary story. Then why should we struggle, why should we fight, about the birth-place of Rama?

श्री कैलाश पति मिश्र (बिहार) : मान्य-वर, क्या इस पर बहस चल रही है कि राम इस भूमि पर हुए थे कि नहीं ?

SHRI ALADI ARUNA alias V. ARUNACHALAM: What he is saying, I do not know.

श्री कैलाश पति मिश्र : अगर यह विषय है कि राम इस धरती पर हुए थे कि नहीं, तो उस विषय के ऊपर बहस हो जानी चाहिए ।

SHRI ALADI ARUNA olias V. ARUNACHALAM: Yes, our communal issue is based mostly on religioa. That is my contention. You may differ; you have every right

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI JAGESH DESAI); That is his view.

SHRI ALADI ARUNA *alias* V. ARUNACHALAM: Sir, in the south, Periyar Ramaswami was against the worship of even Lord Rama. In 1956 he burnt the portrait of Rama. Then more than 8,000 people were arrested. .. (Interruptions) . .Rationalism is more important: I am coming to the point.

Here you are celebrating Ram Lila. To teach a lesson to these people, h« celebrated Ravana lila. It does not mean he had faith in Ravana instead of Rama. His main objective was to fight against superstition, ignorance and legendary gods. He honestly believed that religion is an impediment to the development of science and technology. Periyar Ramaswami hon-estly believed that Hinduism was mostly responsible for commimalism in our country. Unless such a rational movement is started in the north, there is no chance of curbing com-munalism here.

I am pleased to say that our late Prime Minister, Panditji, was a rationalist; he had no fain in God and religion. I will cite an example: Before the commencement of the Non-

[Shri Aladi Aruna alias V. Aruna-chalam]

Cooperation Movement he vent to the Sabarmati Ashram to get the blessings of Gandhiji. As soon as he went in, he saw mother Kasturba and he touched her feet respectifully when •he blessed him by saying, "God bless you." Then he retaliated, "Where is God?" Mataji was annoyed st his question and complained to Gandhiji Gandhiji as usuaj defended Panditji by saying, "He is more near to God than anybody else." But, even though Panditji was a rationalist, he was not able to carry out a single reform in this regard during the tenure of his office because he was surrounded by orthodox people. I am going to finish in one minute.

Our Sub-group constituted by the National Integration Council has re-commended, 12 suggestions for creak ing harmony. One of the recommendations is imparting education more speedily between the ages of 6 and 14. In other words, new curriculam must be introduced up to the level of primary school.

Sir. I welcome this decision. But what is the nature of curriculum? What is the syllabus? Are we going to include, in this syllabus, secularism, non-religion classless society, caste-less society? That are more important.

More than that, Sir, I am to remind this House, Sir, the teachings of Raja Ram Mohan Roy, Periyar Ramaswamy, Dr. Anna should be taught to the students. Then alone the student will become rationalist. They fought against the evil of communalism. They identified the remedial measure, the measure to root ont communalism. They diagnosed the chronic disease of communalism. That is why, we must follow their teachings and wipe out communalism from this country.

THE VICE-CHAIRJMAN (SHRI JAGESH DESAI): Shri Mirza Irshadbaig. Not more than ten minutes.

श्री मीर्जा इर्शादबेग (गुजरात) : उपसभाध्यक्ष महोदय, यह दुर्भाग्यपूर्ण विषय है कि आजादी के 40 वर्षों के पश्चात् देश का सर्वोच्च आसन आज एक ऐसी बात को ले करके उस पर आचार-विचार का प्रदान कर रहा है जिस बात से आज पूरा भारतवर्ष त्रस्त है । जहां तक मेरे अपने विचारों का सवाल है मैं आज इस सदन के माध्यम से देश के उन तमाम लोगों से, देश की उस जनता से, देश के उन नेताओं से बड़ी दर्दपूर्ण अपील करना चाहता हूं कि ये भारत के माथे पर एक बदनुमा दाग हैं, यह एक कलंक है, स्वतंत्रता के माथे पर भी एक बहुत बड़ा कलंक है, यह एक अभिशाप है और उसको दूर करने के लिए मैं यह चाहूंगा कि इस बात पर इस नाजुक मसले पर हम व्यक्तिगत दोषारोपण करें इससे अधिक सराहनीय बात यह होगी कि हम इस मामले पर आत्म-मंथन करें और हम देखें कि भारत को एक ऐसी नाक-चूड़ में जो ऐसी शक्तियों ने लिया हुआ है जो भारत की एकता, भारत की अखंडता और भारत की प्रगति के लिए बाधक हैं उसे तोड़ने के लिए अपने तमाम सक्षम कदम ले रहे है उसके बारे में हम आप सब मिल करके न सिर्फ यहां कोई पक्षीय राजनीतिक व्यवस्था को देखें, पक्षीय नीति को देखें बल्कि हमको यह देखना है कि हम किस प्रकार से इस बात से भारत को मुक्त कराएं । ये सांप्रदायिक घटनाएं जो बन रही हैं, सांप्रदायिक घटनाओं का चितार अगर लिया जाए तो इससे कभी भी न तो राजनीतिक पार्टी को फायदा पहुंचा है और न किसी को इसके आर्थिक लाभ पहुचे हैं न ही दीर्घकालिक और अल्प-कालिक किसी भी व्यवस्था को कोई फायदा पहुचा है । मैं आपके माध्यम से तमाम उन राजनीतिक पार्टियों से भी एक दर्दनाक अपील करना चाहता हूं कि भारत को एक ऐसी जो खराब विषमता में हम जबकि फैले हुए हैं हम सब मिल करके उससे मुक्त करायें । मान्यवर, जब-जब सांप्रदायिकता की बात आती है ; कम्युनलिज्म की बात आती है तब-तक

धर्म की बात की जाती है। आडवाणी जी यहां पर उपस्थित नहीं हैं। उन्होंने चंद बातें कहीं थी। आडवाणी जी विद्वान पुरुष हैं। शब्दों में जो बात नहीं कह सके वह उन्होंने सुर में कह दी है। वह यहां पर उपस्थित नहीं हैं, अगर पार्टी के सदस्य हों तो मेरी यह जो भावना है वह उन तक पहुचायें। धर्म को लेकर के, संस्कृति को लेकर, संस्कृति की जब बात होती है तो मैं उनसे यह पूछना चाहता हूं कि भारतीय संस्कृति की व्यापकता क्या है, भारतीय संस्कृति का प्रारंभ हम कहां से करना चाहेंगे, वेद से करना चाहेंगे या मुनि अगस्त्य से करना चाहेंगे या राम काल से करना चाहेंगे या कृष्ण काल से करना चाहेंगे या अकबर काल से करना चाहेंगे या इंदिरा गांधी के काल से करना चाहेंगे या राजीव गांधी के काल से करना चाहेंगे?

धर्म को, संस्कृति को हमने इतना सूक्ष्म स्वरूप दे दिया है, जिससे उसके विस्तार को हमने और अधिक सीमित करने के जो प्रयास किए हैं, इससे हम संस्कृति को लांछन लगाते हैं, धर्म को लांछन लगाते हैं। कौन से धर्म में यह कब बताया गया है? इन धर्मों ने तो न सिर्फ इस देश को बल्कि समग्र विश्व को जब-जब समय आया है, तब-तब प्रकाश दिया है। लेकिन मेरी मान्यता यह है मान्यवर, कि देश में अगर हम धार्मिक बन जायं, एक अपने आपको हिन्दू कहलाता है, एक अपने आपको मुसलमान कहलाता है, अगर सही अर्थ में धर्म को सूक्ष्म अर्थ में देखा जाय और दूसरे अर्थों में धर्म को व्यापक स्वरूप में देखा जाय तो किसी भी धर्म की सीख में संकीर्णतावाद नहीं है। कोई भी धर्म यह नहीं सिखाता है। अभी बात चल रही थी, आडवाणी जी ने कहा—अनंतनाग में कुछ ऐसी घटना घटी, मंदिर को तोड़ा गया। मान्यवर, हिन्दू तो मंदिर तोड़ेगा नहीं, अगर उसमें कोई मुसलमान शरीक होता है तो मैं पूछना चाहता हूं उससे कि ऐ मुसलमान तू क्या अपने आपको मुसलमान कहता है, तो तेरी आस्था, तेरा विश्वास और तेरा ईमान इस्लाम में है? तेरा ईमान मजहब में है? तेरा दीन वि

श्वास है और प्रोफेट मोहम्मद सल्लल्लाहो अलयी है वसल्लम की सीख में तेरा ईमान है। कुरान में अगर विश्वास करता है तो कुरान में साफ शब्दों में लिखा है—"ला इकरा फिद्दीन", दीन में कोई ज्यादती नहीं है। अगर कोई मुसलमान ज्यादती करता है, "लकुम दिनकुम वलियादिन" उसने यह कहा है कि अपने दीन की बात अपने तक महदूद रखिए और लोगों को उसकी बात पहुचाएं। इसके बावजूद भी कोई इस बात को इंकार करता है तो आपको अपना धर्म मुबारक हो, आपको अपना दीन मुबारक हो, उन्हें उनका दीन मुबारक हो। तो ला इकरा फिद्दीन की व्याख्या को अगर सीमित अर्थों में देखकर के कोई मुसलमान इस बात को आगे बढ़ाता है तो अपने आपको मुसलमान कहना क्या बाकी है?

हिन्दूवाद की बात करते हैं, मैं कहना चाहता हूं, हिन्दू अगर सच्चा हिन्दू बन जाय और मुसलमान अगर सच्चा मुसलमान बन जाय तो मैं समझता हूं कि हिन्दुस्तान जो महान देश आज भी है, वह आगे जाकर और महान बन सकता है। धर्म की बात करते हैं, तो मैं उनसे कहना चाहता हूं—"धर्मो धारयते धृत", लेकिन धर्म को धारण तो कीजिए। पहले धर्म की व्याख्याओं को आप सीमित क्यों कर रहे हैं? धर्म की व्याख्याओं को संकीर्णतावाद क्यों दे रहे हैं? धर्म को व्यापक स्वरूप में देखिए। धर्म को सूक्ष्म स्वरूप में देखिए तो आपको पता चलेगा कि हरेक धर्म ने आपको मानवता का धर्म विशेष रूप में दिया। इस मानवता को हम भूल रहे हैं और इस मानवता को भूलकर के आज ऐसी-ऐसी बातें हो रही हैं, घटना कर रहे हैं, किसका लहू बहा रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि हिन्दू के लहू में, मुसलमान के लहू में, सिख के लहू में, ईसाई के लहू में कोई फर्क है? ईश्वर ने जिस बात का निर्माण किया है, उसमें आप विभेद करने की कोशिश क्यों कर रहे हैं? मैं पूछना चाहता हूं, अभी हमारे माननीय सदस्य हैं इस सदन के, उन्होंने इतनी अच्छी बात कही है कि खून

[श्री मोर्जा इर्शादबेग]

को जब बात करते हैं, लहू की बात करते हैं तो इंसान का लहू विश्व में एक बहुत अति-ऊंची कीमत रखता है और इसको गलियों में बहाते हुए हमें शर्म नहीं आती और इसके बावजूद हम यह कहते हैं दंगा फैलाकर कि हम इंसान हैं। हम मानव हैं, इस देश के वासी हैं। अरे कलंक रूप है आपका यह जीवन अगर ऐसी बातों को आप पनपने देते हैं, हवा देते हैं।

आडवाणी जी ने सही कहा, राजनीतिक और निहित स्वार्थों के लिए भी ऐसी बातों को रोकना है, इसको आगे नहीं पनपने देना है, लेकिन मेरी करबद्ध प्रार्थना है तमाम पार्टियों के नेताओं से और खासकर आडवाणी जी जैसे नेताओं से कि शायद उनके ध्यान में यह बात है या नहीं, उन्होंने यह बात कही--वोट की राजनीति मैं मानता हूं कि वोट की राजनीति ने आज कई प्रदूषण फैलाए यह जो एक जहरीला विषधर है उसने अपने फन को मारकर पूरी राजनीतिक व्यवस्था को भी भ्रष्ट करने की कोशिश की। मान्यवर, मैं क्रिटिसिज्म के स्वरूप में नहीं कहना चाहता हूं, लेकिन मेरी प्रार्थना है कि हम अपने आपको भी थोड़ा टटोलकर देखें। मान्यवर मैं कहना चाहता हूं कि आज आप देखिए विश्वास कहां जाकर बैठा है। क्या मेरे प्रजातंत्र की बुनियाद इतनी कमजोर पड़ गयी है। मान्यवर 40 वर्षों में इसकी बुनियाद को इतना खोखला कर दिया है। अहमदाबाद कार्पोरेशन के इलेक्शन हों तब अहमदाबाद के मुसलमानों का विश्वास एक बुटलेगर में स्थापित हो। चाहे कुछ ही लोग हों लेकिन एक एस्ट्रीमिस्ट मिडरावाले में सिख लोगों का विश्वास स्थापित हो यह आत्म खोज का सवाल है। ऐसा क्यों हो रहा है? अगर कुछ कारण है तो उन कारणों की तह तक हमें जाना है। एक बुटलेगर में एक कम्यूनिटी अपना विश्वास स्थापित करना चाहते हैं, तो क्या कारण हैं ? क्यों उकसाया जा रहा है। मान्यवर मैं आपके माध्यम से आडवानी जी से यह प्रार्थना करूंगा कि कम से कम आपकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अहमदाबाद की सरजमीं पर जो-जो भाषण दिए हैं उनको देखा जाए वे गलत हैं तो उनको दुरस्त करने की आप कोशिश करें। अगर यह बात हमारे लिए आती है तो हम भी दुरुस्त करने की कोशिश करेंगे। इस बात से किसी को अपने आप पर जिम्मेदारी लेने से झिझकना नहीं चाहिए। मान्यवर आर० एस० एस० की बात चलती है, राजनीति की बात चलती है। कम्युनल गठबंधन किसी के भी हो वह नाजायज है और उसे कभी बर्दास्त नहीं करना चाहिए। मैं पूछना चाहता हूं कि बाला साहेब देवरस की जमाते इस्लाम और आर० एस० एस० के गठबंधन की जो बातचीत हुई हैं क्या उसको झुठलाया जा सकता है। आप झूठलाइए मत मैं यह सच्चाई कह रहा हूं। अगर आप झुठला सकते हैं. . . (व्यवधान)...

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : आपकी जानकारी के लिए बताए देता हूं कि जमाते इस्लामी से परिचय इसलिए हुआ कि इमरजेंसी के दौरान उनके लोग भी हमारे साथ जेल में थे।

श्री मोर्जा इर्शादबेग : मैं जेल के बाहर की बात के बारे में कह रहा हूं ... (व्यवधान)... यदि यह बातचीत विचारों के आदान-प्रदान तक सीमित हैं, तब तो कोई हर्ज नहीं है। लेकिन यदि कम्युनल फोर्सेस की थ्योरी में आपका कोई विश्वास है तब तो आप क्रिटिसिज्म के हकदार हैं। मैं यही कहना चाहता हूं कि आज कांग्रेस पार्टी, बी० जे० पी० कम्युनिस्टपार्टी--सभी को मिलकर इस समस्या का हल निकालना चाहिए। बेकल जी ने सही बात कही है--एक मानव के खून को पहचानने की देश के तामाम नागरिक कोशिश करें। मान्यवर बहुत ही सही फरमाया है कि जिस्म में जब तक लहू है हम हिंदू हैं, सिख हैं, मुसलमान हैं और अगर बह चले सड़कों पर तो इस धर्म को फिर बतलाइये धर्म क्या है। जब तक यह शरीर के अंदर महदूद है तब तक आप हिंदू, सिख, मुसलमान की बात करते हैं, लेकिन अगर जमीन पर बह जाता है तो कोई भी फर्क बता नहीं सकता है कि हिंदू का लहू बह रहा है या

सुसलमान का लहू बह रहा है या सिख का लहू बह रहा है। क्या आज हमारे लिए मानवता के आदर्श इतने गिर गए हैं कि हम थोड़े से निहित स्वार्थों के झगड़े से किसी के घर को झोंक देते हैं। झोंपड़ी को आग लगा देते हैं, मासूम बच्चों का कत्ले आम कर देते हैं। मान्यवर यह एक बदनुमा दाग अगर राजनीतिक पार्टियों पर है तो इसकी जिम्मेदारी सरकार पर भी है। आइए यह जो बदनुमा दाग है इसको हम और आप मिटाने की कोशिश करें। धर्म को सही मायनों में समझें। मान्यवर आडवाणी जी ने एक और बात कही। मैं कई बातों में उनका समर्थन भी करता हूं। उन्होंने एक बात बहुत सच्ची कही कि जब पाकिस्तान बना तो वहां मायनोरिटीज के साथ इंसाफ नहीं हुआ और हमारे विद्वान आडवाणी जी भी उनमें से एक है जो वहां से यहां पर आए थे। उनसे पूछिए कि उनके दिलों में उस समय कितनी कड़वाहट थी। पूरी जिन्दगी जिसने अपना खानदान बनाया है, अपना घर बनाया है, संस्कृति बनाई है, जिस धरती पर वह रहा है, उसको रात भर में ही छोड़-छाड़कर निकलाना पड़े तो उससे पूछिए कि उसके दिल पर क्या बीतती है? मैं उनको याद दिलाना चाहता हूं कि वह कड़वाहट का एक हिस्सा है आज इंडियन सोसाइटी उनको अगर हम माइनोरिटीज कहते हैं तो उनके दिलों में हम यहां पर कड़वाहट लाना चाहते हैं। भारत का जो संविधान बना जो आईन बना उसमें सबसे पहले यह बात कही गई कि जो स्वतंत्रता और देशों में नहीं है, जिन आदर्शों को लेकर हमारा यह संविधान बनाया गया, उसकी धाराओं का रक्षण आज हम क्या नहीं कर सकते हैं? हिन्दुस्तान में अगर आज एक भी इंसान को ऐसा लगता है कि हम यहां पर रक्षित नहीं है तो यह हमारी स्वतंत्रता पर आघात है और उसकी वजह यह है कि कहीं एक सेक्शन को माइनोरिटी का नाम दे दिया जाता है, कहीं उसको ट्रायबल का नाम दे दिया जाता है, कहीं पर उसको हरिजन का नाम दे दिया जाता है। लेकिन उसको यह कैसे अहसासन न हो कि हिन्दुस्तान का एक शहरी अगर और चीज पाता है तो मैं उसमें कमजोर या इसमें दूसरा दर्जा रखता हूं के अन्य सभी लोगों से हम कमजोर है। मान्यवर, यही भावना है जिसके अंतर्गत हमारे यहां कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। गृह मंत्री जी से मैं कहना चाहता हूं कि जैसे कल मंत्राणी जी कह रही थीं कि 15 सूत्री जो कार्यक्रम बनाया गया मैं आडवाणी जी से इस पर डिफर करूंगा कि उनकी जो व्याख्या है वह मेरी समझ में नहीं आ पाई है कि जिसे उन्होंने माइनारिटी के फेवरटिज्म का कल्ट कहा था उसका सीमाएं क्या हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान के किसी भी नागरिक को यह अहसास नहीं होना चाहिए कि वह यहां पर सुरक्षित नहीं है या यहां पर उसकी भावनाओं का कद्र नहीं है। संविधान जब बना तो हमने उसमें क्यों यह धारा रखी? मैं आडवाणी जी की इस बात से सहमत हूं कि साम्प्रदायिकता का मतलब यह नहीं है कि धर्म निरपेक्षता वाली बात करें जिनको कोई धर्म नहीं मानता है उसके लिए भी यहां पर स्वतंत्र अधिकार है। लेकिन क्या जिन बातों के लिए संविधान बना है उसकी रक्षा के लिए हमने कार्यक्रम बनाया है तो क्या हम कहें कि एक फेवरिटिज्म माइनेरिटीज के साथ किया जा रहा है? जो संविधान में प्रावधान किए गए हैं उनकी रक्षा के लिए हमारे यहां कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं?

मान्यवर, आखिर में मैं आपके माध्यम से तमाम देशवासियों, तमाम राजनीतिक पार्टियों और राजनेताओं से अपील करना चाहता हूं कि आइए, आप और हम सब मिलकर इस दूषण को मिटाएं और जो कालिमा हमारे सिर पर लग चुकी है उसको मिटाने की कोशिश करें। मान्यवर, मैं एक सुझाव देना चाहूंगा कि जहां पर भी फसाद होते हैं, रायटस होते हैं वहां पर सरकार की ओर से सहायता दी जाती है उनको खड़ा करने के लिए लेकिन वहां पर ब्यरोक्रेटिक पैटर्न ऐसा है कि जिससे

श्री मोर्जा इशदि बेग

रायॉट ऐफेक्टेड लोगों को सही मायनों में सहीसहायता नहीं मिल पाती है । इसलिए मैं गृह मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि जिस इलाके में रायट्स हो वहां के ऐफेक्टेड लोगों को सहायता देने के लिए बैंको से जो वित्तीय सहायता मिलती है उसमें वहां के लोकल प्रतिनिधियों को उसके अंदर शामिल किया जाए ताकि सही लोगो तक वह सहायता पहुंच सके ।

मैं आपके माध्यम से अंत में कहना चाहूंगा कि—

मंदिर हों, मस्जिद हों, गुरुद्वारे हों या
गिरजाघर
सब हैं सच्चाई के घर, बंटवारा हो नहीं
सकता ।
कभी बन गया मैं हिन्दू
कभी बन गया मैं मुसलमां,
और बन न सका मैं इंसान,
मुझे मौत क्यों न आई ?

मान्यवर, बेकल उत्साही ने कहा था—

हम क्यों हिन्दू हैं,
हम क्यों मुसलमां बने बैठे हैं
और एक धर्म के चौपाल पर सारा वतन
जलता रहा ।

मान्यवर, इन जलती हुई आग की शिखाओं से उनको दूर कराने के लिए, उनको मुक्त कराने के लिए आज हम एक प्रण लें, धर्म के नाम पर प्रण लें, अपनी आत्मा के नाम पर प्रण लें अपने देश के नाम पर प्रण लें । देश के नाम पर प्रण लें जो कालिमा आज चल रही है, लोग बिलख रहे हैं उससे मुक्ति कराने के लिए एक जुट होकर अपने स्वार्थों को दूर करके देश से साम्प्रदायिकता की कालिमा को मिटा कर छोड़ेंगे । धन्यवाद ।

डा० बापू कालदाते (महाराष्ट्र) : उपसभाध्यक्ष महोदय, अपने सदन के सम्माननीय सदस्य श्री मीर्जा का भाषण सुना और मैं मानता हूं कि ऐसे नौजवान की जो भावना है अगर वही सारे देश की भावना बन जाये तो देश में जो सवाल आज खड़े हुये हैं उनमें कई सवालो के ऊपर हम फतह पा सकते हैं । हमारे जैसे जो नौजवान हैं और न ही बूढ़े हुये हैं जिनका आजादी की जंग से कुछ ताल्लुक रहा है **(व्यवधान)** मैं भावावेश में भाषण करने के लिये नहीं खड़ा हुआ हूं । लेकिन एक बात मैं सब लोगों के लिये कहना जरूर चाहूंगा जो मूल्य, जो वैल्यज हम मानकर इस देश को बनाने का प्रयास कर रहे थे इसमें जिस ढंग का आज माहौल है वह महौल एक आपत्तिजनक बन चुका है । इसके लिये मुझलगता है जैसा कि हमारे नौजवान सम्मानीय सदस्य ने कहा सब लोगों को मिलकर प्रयास करना चाहिये लेकिन जब सब लोगों को मिल कर प्रयास करने की बात करते हैं तो एक बात सही है कि जो हम करना चाहते हैं उनके बारे में हमारे मन में वही भावना होनी चाहिये जो आज हम यहां बोलते हैं । अगर न हो तो यह हो सकता है कि हम एक रहें और जाने-अनजाने में ऐसे ही शक्तियों की मदद करते रहे जो विध्वंस करने का प्रयास इस देश में कर रही हैं । इसको अगर हम देखते हैं तो इस सरकार के सामने सरकार के सारे लक्ष्य या सारे कार्यक्रम एक फायर ब्रिगेड आपरेशन जैसा चलते हैं । माननीय गृह मंत्री जी ने जो बयान अभी पढ़ा इसमें कार्रवाई का कोई जिक्र नही किया । इसमें यह बताया कि ऐसा-ऐसा हुआ, इतने लोग मरे, जिला परिषद ने यह किया, हमने यह किया, एक जुडिशियल इंक्वायरी बैठाई, किसने क्या किया, पुलिस ने क्या किया, दैट्स आल । यह फायर ब्रिगेड आपरेशन है । हम यह मानते हैं कि इन टोटलिटी इस सारे स्वरूप को ध्यान में रखते हुये हमें एक-दो लोंग टर्म और शोर्ट टर्म, दोनों दृष्टियों से उपाय इसके बारे में सोचने चाहियें । मैं कहता हूं कि कौन घटक हैं जिनकी मदद से हम इस बात को कर सकते हैं मुझे लगता है जैसा आपने राधाकृष्णन जी की कोटेशन पढ़े, बहुत बढ़िया कोटेशन है । इस कोटेशन को दुरुस्त कर के आज की स्थिति में क्या है, आज की स्थिति में उनकी कोटेशन क्या हो सकेगी वह बताना चाहता हूं :

National disintegration can be built by bricks, strides and acid bulbs It grows violently in the minds and hearts of men.

राधाकृष्ण जी ने कहा:

No tby bricks and mortar only.

डिस्इंटेग्रेशन की शक्ति हो यह है ब्रिक्स, टिक्स और एसिड बाम्ब्स । धर्म के नाम पर

आजकल हम लोग विद्वान हो गये हैं । बाहर जा कर कहेंगे इस देश में धर्मनिरपेक्षता चाहिये, सर्व धर्म समभाव चाहिये लेकिन इसमें सटल जिस ढंग से कार्यक्रम चलायेंगे उससे धर्म निरपेक्षता नहीं पनपेगी है, बल्कि धर्म सापेक्षता और धर्मांधता करने वाले कई लोग इस देश में आज भी मौजद हैं । हमारे देश में कई ऐसे भी लोग हैं जो सांप्रदायिकता को फैलाते हैं । इसलिये सरकार को भी और सरकार पक्ष को और हमारे पक्ष को भी, सब लोगों को मिलकर प्रयास करना है और कोई निर्णय लेना है कई बार ऐसा भी होता है कि जाने-अनजाने में हम ऐसे लोगों की मदद कर देते हैं जो सांप्रदायिक हैं । इसलिए हमें इन बातों की तरफ ध्यान देना चाहिये जिससे देश में सांप्रदायिकता न फैले । बार-बार इस सदन में जिक्र आया है हमारे देश में कई ऐसे इरिटेंटस हैं जिनके कारण सांप्रदायिक तनाव बढ़ता है । ये इरिटेंट साम्प्रदायिक तत्वों के हाथ में हथियार बन जाते हैं । बाबरी मस्जिद और राम जन्म भूमि का मामला ले लीजिये इस मामले को दो तरह दृष्टियों से सुलझाया जा सकता है । अगर आप इस मसले को नहीं सुलझाते हैं तो इससे सांप्रदायिक तनाव बढ़ता है । जो लोग देश में अमन नहीं चाहते हैं, जो सांप्रदायिक तनाव बढ़ाते हैं उनको इससे शह मिल जाता है । भगवान राम से किसी का विरोध नहीं है, किसी मस्जिद से विरोध नहीं है लेकिन जिस ढंग से यह मामला चल रहा है उससे सांप्रदायिक तनाव बढ़ता है । इसलिये मैं सरकार से मांग करता हूं कि जो इरिटेन्ट्स हैं उनको सुलझाने की तरफ आप ध्यान दें ।

श्री कल्पनाथ राय : आपके शहाबुद्दीन क्या कर रहे हैं ? वे तो आपकी पार्टी के जनरल सेक्रेटरी हैं ।

डा० बापू कालदाते : नहीं हैं, आपको मालूम नहीं है । आपकी जानकारी गलत है ।

श्री कल्पनाथ राय : आप उनको अपनी पार्टी से निकालिये ।

डा० बापू कालदाते : जो हमें करना है, हम कर रहे हैं । आप जैसे लोगों के अज्ञान को दूर करना इम्पोसिबल है ।

श्रीमन्, मैं यह कह रहा था कि समाज में जो इरिटेंट्स हैं उनको आप जल्दी से जल्दी दुरुस्त कीजिये । जैसा अभी त्यागी जी ने कहा, देखने में यह आता है कि इस प्रकार के दंगों में हमारे नौजवान आ जाते हैं । जहां तक मेरा सवाल है, मुझे महाराष्ट्र का अनुभव है । जब भी इस प्रकार के दंगे होते हैं तो वहां पहुंचने का अवश्य प्रयास करता हूं और सब को मिलाकर समझाने का भी प्रयास करता हूं । क्या कारण है कि हमारे नौजवान इस प्रकार के दंगों में आ जाते है ? इसका कारण यह है कि हमारे नौजवान के पास है कोई काम नहीं है । आप जानते हैं, नौजवानों में शक्ति है, वे कुछ करना चाहते हैं । जब उनके हाथों में कोई काम नहीं होता है तो वे इस प्रकार के कामों में फंस जाते हैं ।

This frustration also has encouraged and helped the divisive forces in this country.

सबसे बड़ी बात यह है कि इस देश में सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने में धर्मान्ध और धनान्ध लोगों का बहुत बड़ा हाथ है । उन की साजिश से ही ये दंगे होते हैं । जो लोग धर्मांध हैं और जिनके पास बहुत पैसा है, वे चाहते हैं कि उनका शोषण चलता रहे । इसके लिए जरूरी है कि गरीबों में फूट चलती रहे । अगर गरीब एक हो जायेंगे तो उनका शोषण नहीं चल सकता है । इस देश में धर्म के नाम पर, साप्रदाय के नाम पर, जो झगड़े होते हैं उनके पीछे ये ही दो वर्ग हैं । धर्मांध और धनान्ध लोगों की साजिश के कारण साम्प्रदायिक दंगे होते हैं । वे चाहते हैं कि गरीबों में फूट पड़ और वे कभी भी एक न होने पायें । सरकार भी जान-अनजाने में ऐसे काम कर देती है जिससे इस साम्प्रादायिकता को बढ़ावा मिलता है और धर्मांधों और धनान्धों को मदद मिल जाती है । यह भी एक सबसे बुरी हालत इस देश में हो रही है । इसलिये मेरी प्रार्थना है कि इसको जोड़ने का प्रयास भी सरकार को करना चाहिये । जहां युवकों को यह महसूस हो तो हमें उनको बांधने का काम करें, हम रचना

[डा० बापू कालदात]

का काम करें। हम तोड़ने का, बिगाड़ने का काम न करें। एक जुड़ने का भाव उसमें रहना चाहिये।

आखिर में दो ही बात कहूंगा। मैं प्रेस कौंसिल आफ इंडिया का सदस्य हूं। मुझे इस बात का दुख होता है कि रीजनल प्रेस या अखबार के बारे में शिकायत सुनते हैं या अखबारों के बारे में सुनते हैं तो कभी-कभी मुझे कई राज्यों में लगा कि अखबारों को जो कन्स्ट्रक्टिव रोल प्ले करना चाहिये, सभी अखबार नहीं, ? मैं नाम नहीं लेना चाहिये लेकिन कुछ अखबार किस ढंग से इस मसले को लोगों के सामने रखकर अमन की दृष्टि से, समाज की एकता की दृष्टि से प्रयास करने के बजाय फक्टस के नाम पर आपस में टेढ़ पैदा कर रहे हैं, इस भावना को जाने-अनजाने लोगों में फैला रहे हैं। हमारे देश का प्रेस स्वाभिमानी है। मैं मानता हूं कि हमारे देश का प्रेस एक ऐसा प्रेस है जो देश की आबादी के लिये प्रयास करता रहा। अगर देश में भ्रष्टाचार बढ़ता है तो वह हमारा प्रेस ही है जो पहले आगे आता है और देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ वातावरण तयार करता है। इसलिये मैं अपने साथी जर्नलिस्ट मित्रों से अपील करना चाहता हूं कि इस चीज को भी आप उसी दृष्टि से देखिये जिस दृष्टि से आप भ्रष्टाचार को देखते हैं। जिस तरह भ्रष्टाचार के खिलाफ आप लड़ाई चलाते हैं वैसे ही देश में साम्प्रदायिकता के खिलाफ लड़ाई चलाय। अगर अखबार इस तरह की लड़ाई चलाते हैं तो मैं कह सकता हूं कि हम लोगों का काम भी बहुत आसान हो जायेगा, ऐसा मुझे लगता है।

लास्टली मैं यह कहूंगा कि देश में शिक्षा की तरफ भी आपको देखना चाहिये। बार-बार जो कहा जाता है कि इसमें राम को रखो, लक्ष्मण को भी रखो मुहम्मद को भी रखो, मेरी दृष्टि इस ओर बिल्कुल साफ है। मैं यह कहता हूं कि इसका कहां असर होता है मुझ मालूम नहीं। लेकिन मुझ यह लगता है कि अगर आप शिक्षा की नीति दुरुस्त करना चाहते हैं तो उसको इसके ऊपर मत जोड़िये। समाज को जो भूतोन्मुख बनाता है वह देश कभी भी प्रगति नहीं कर सकता है। समाज को, प्रगतिशील समाज को भविष्योन्मुख, फयचर ओरियेंटिड बनाने की आवश्यकता है। इसलिये भूतकाल में, सौ साल पहले हम क्या थे इसमें जाने की कोई आवश्यकता नहीं है, उसको समझने की जरूरत नहीं। उस समय हम क्या थे इस अहंकार को आप ऊपर लाने की कोई आवश्यकता नहीं है। आज हम क्या हैं इसको हम समझ लें। फार्म हिट्रोजीनस टु मोस्ट हौमोजीनस माईंड इंडिया बनाने का हम जो प्रयास कर रहे हैं इस दृष्टि से अगर शिक्षा के पाठ्यक्रम में हम तब्दीली कर सकें तो यह भी एक महत्वपूर्ण कदम संस्कार की दृष्टि से होगा। अगर इस दृष्टि से सरकार काम करे तो यह उचित होगा।

एक बात मैं और कहना चाहता हूं। जूडिशियल कमीशन अप्वाइंट किये जाते हैं। इसके बारे में हमारे अनुभव कोई ठीक नहीं हैं। भिवन्डी फसाद हुआ जब कि मैं विधायक था। इस भिवंडी फसाद का कार्य सालों तक चलता रहा। कभी-कभी यह लगता है कि जूडिशियल कमेटी जो अप्वाइंट की जाती है यह लोगों की आवाज बन्द करने के लिये होती है कि क्या करें जूडिशियल इन्क्वायरी हो गई है। आपकी आवाज बंद हो गई। जूडिशियल इंक्वायरी अगर हम अप्वाइंट करते हैं, तो जसा कि अभी सत्य प्रकाश मालवीय जी ने कहा है कि तीन महीने पहले आपने अनाउन्स किया था लेकिन कल तक आपने जज अप्वाइंट भी नहीं किया। अगर रिटायर जज अप्वाइंट हो जायेगा तो उस बेचारे को रिटायर भी होना है। अगर रिटायर होना है तो वह भी इंसान है और उसे भी लगता है कि इसे चलते रहना चहिये दिया जाय। दो-दो साल तक रिपोर्ट नहीं आती है। अगर दो-दो साल तक जूडिशियल इन्क्वायरी कमेटी की रिपोर्ट नहीं आती तो उसके क्या माने रह

जाते हैं ? जूडीशियल इन्क्वायरी मीन्स टु स्टाप दि पीपुल फ्राम मैकिंग स्टैट्मेंट्स और इस तरह जूडीशियल इन्क्वायरी सरकार के लिये एक आसान हो जाता है मेरी आप से दरख्वास्त है कि आप यह बताने की कृपा करें जो जूडीशियल इन्क्वायरी कमेटी आपने अप्वाइंट की है उसकी रिपोर्ट कब तक आने वाली है ? आपने क्या उसको कोई समय दिया है ? अगर समय बद्ध हो जायेगा तो शायद सरकार और जनता को इससे फायदा हो जायेगा । धन्यवाद ।

उपसभाध्यक्ष (श्री जगेश देसाई) : डा० रत्नाकर पाण्डेय, सिर्फ 5 मिनट, 6 मिनट भी नहीं होने चाहिये ।

डा० रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आपने अन्त में मुझे बोलने का मौका दिया है और समय भी निर्धारित कर दिया है, इसके लिये मैं आपका कृतज्ञ हूं ।

महोदय, जहां तक दिल्ली, मेरठ और गुजरात के दंगों का प्रश्न है, ये दंगे कोई नई चीज नहीं हैं लेकिन जहां सौहार्द है, जहां लोग गुरुवाणी के इस कथन में विश्वास करते हैं....

[उपसभाध्यक्ष (डा० बापू कालदाते) पीठासीन हुए]

एक नूर से सब जग उपजा कौन भले को मंदे, जो इसमें विश्वास करते हैं एक शक्ति से समस्त संसार का सृजन हुआ है, —कौन भला है कौन बुरा है ? ऐसे लोग कहीं भी सांप्रदायिकता के नाम पर हिंसा नहीं करते हैं। लेकिन आज जो कुछ हो रहा है हमारे देश में उसमें हमें खुल कर आत्म-निरीक्षण करने की आवश्यकता आज आ गई है । हमारे एक माननीय पूर्ववक्ता महोदय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के भीतर दंगों को प्रश्रय देने वाले लोग हैं । मैं जानना चाहता हूं कि सन् 1949 में क्या हुआ ? मैं आपका ध्यान सन 1949 की ओर दिलाना चाहता हूं । जब भारत स्वतन्त्र हुआ था उसके दो वर्ष के बाद अयोध्या की बाबरी मस्जिद में एक मूर्ति रख दी गई थी । उस समय वहां के कमिश्नर के० के० नायर थे और सन् 1952 में उनकी मृत्यु पत्नी शकुन्तला नायर को; और सन् 1957 में इस्तीफा दिलवा कर उस अधिकारी को किस दल ने एम० पी० के चुनाव में टिकट दिया और एम०पी० बनाया? किसी पर आरोप लगाने के पहले अपना अस्तित्व और कारनामे भी देखना चाहिये । इसलिये यह कहना कि कांग्रेस के लोगों ने दंगों में आग दी है और भड़काया है अपने स्वार्थों के लिये ऐसा कहना झूठ है । मैं माननीय गृह मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि आज देश की मानसिकता परिवर्तित हो चुकी है । ऐसी स्थिति में चाहे शाही इमाम हो, चाहे बाल ठाकरे हो, चाहे मुस्लिम लीग हो, चाहे आदम सेना के अहमद बुखारी हों, चाहे जमायते इस्लामी के अबुलैस हो, चाहे आर०एस०एस० के बाला साहेब देवराज रस हों मैं मांग करता हूं कि इन सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने वाले, इंसान-इंसान में भेद करने वाले जनता का खून बहाने वाले चाहे हिन्दुत्व में विश्वास करते हों या इस्लाम में विश्वास करते हो वह इंसानियत में विश्वास नहीं करते । हिन्दुत्व और इस्लाम का मुखौटा लगा कर वे हिंसा में विश्वास करते हैं । मैं मांग करता हूं इस माननीय सदन के माध्यम से कि चाहे आर०एस०एस० हो चाहे जमायते इस्लाम हो, चाहे शिव सेना हो चाहे आदम सेना हो चाहे मुस्लिम लीग हो जितने भी साम्प्रदायिकता में विश्वास रखने वाले दल या संगठन हैं उनको बैन करिये तब जाकर के इस देश में सांप्रदायिक एकता होगी । राजीव गांधी की सरकार को हिम्मत से काम लेना होगा । मान्यवर, (व्यवधान) हमारे पटेल साहब ने हिन्दू रक्षा समिति की बात की और भी बहुत से साम्प्रदायिक संगठन होंगे निर्भीक हो कर के हमें उनको बैन करना होगा तब जाकर के इस देश में इंसान इंसान का खून नहीं बहायेगा ।

आज सबसे बड़ी बाधा यह है कि जो हमारे तस्कर हैं हाजी मस्तान ने अब

[डा० रत्नाकर पाण्डेय]

आजमगढ़, जौनपुर, गोंडा तक का दौरा किया है । खबरों में हमने पढ़ा, यह रिपोर्ट है कि वहां के सांप्रदायिक प्रतिनिधियों को सांप्रदायिकता भड़काने के लिये उन्होंने खुले आम धन का वितरण किया । इस तरह से धन वितरण किया ताकि वहां पर साम्प्रदायिकता भड़के । मैं बनारस का रहने वाला हूं और बनारस में एक जहां काशी विश्वनाथ के मन्दिर से शंकर के स्रोत से ब्रह्म मूहूर्त में पाठ होता है वहां मस्जिद से अजान का स्वर निकलता है वहां गुरूद्वारों से अरदास और गुरबाणी निकलती है । आज तक बनारस में दंगा नहीं हुआ । क्योंकि किसी मुसलमान के घर में, काशी का बड़े से बड़ा ब्राह्मण मैं हूं और ब्राहमण उसके घर में मैं जा कर भोजन करने में कोई जात-पात अछूत नहीं मानता । जब तक हम जाप-पात, छुआछूत हिन्दू मुसलमान ऊंच नीच का भेद रखेंगे तक तक हम दगों पर काबू नहीं पा सकते हैं । इसको मिटाना होगा और (**समय की घंटी**) मैं बहुत संक्षेप में अपनी बात समाप्त करना चाहता हूं । जो विदेशी ताकतें हैं, पाकिस्तान के बहुत से लोग, मैं पढ़ रहा था, अभी मेरठ दंगों के संबंध में बहुत से लोग जो हैं पाकिस्तान के पकड़े गये और उधर दगों में कुछ पाकिस्तानी नागरिकों की भूमिका के स्पष्ट प्रमाण मिले पुलिस ने हिंसा और उपद्रव फैलाने के सिलसिले में जो गिरफ्तार किये हैं उनमें 3 पाकिस्तानी नागरिक भी थे । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के अनुसार इस समय मेरठ में 85 पाकिस्तानी नागरिक हैं जिनमें से 17 की वीजा की अवधि बहुत पहले समाप्त हो चुकी है । तो जो विदेशी नागरिक हमसे घुसे हैं, उनके पास वीसा हो या न हो, हम को अपनी सीमाओं को बंद करना होगा । और वे यहां आते हैं कि किसी तरह से साम्प्रदायिकता को भड़काओ और जैसे भी हो साम्प्रदायिकता को भड़काकर अपना उल्लू सीधा करो और देश में अस्थिरता फैलाओ हिंसा फैलाओ । इसके लिए माननीय उपसभाध्यक्ष जी हमें अपनी सीमाएं बंद करनी होंगी, जो युद्धक सीमाएं हैं, तब जाकर हमारा सारा लक्ष्य पूरा होगा ।

मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं । किसी भी कीमत पर और किसी भी हालत में किसी भी व्यक्ति वर्ग या समुदाय को धार्मिक सभा के नाम पर कोई भी ऐसी बात कहने या करने की इजाजत नहीं दीजिए जिससे देश में सम्प्रदायों के प्रभावित होने की संभावनाए हों । पाकिस्तानी शासन के इरादों और पाकिस्तानी तत्वों की गतिविधियों को देखते हुए पाकिस्तान से लगने वाली सारी सीमाओं को बैन किया जाये और रहा उनका आना जाना बद किया जाये, उनकी गतिविधियों पर नियंत्रण किया जाये । देश की हिंसक गतिविधियों में ऐसे लोग भी लिप्त है जो वर्गवाद, समुदायवाद को लेकर और विदेशी पैसों के बल पर बड़े-बड़े पदों पर बैठे हैं । माननीय उपसभाध्यक्ष जी मैं कहना चाहूंगा कि बहुत से अनलाइसेंस्ड आर्म्स लोग रखे हुए हैं और उनके आतंक के बल पर बहुत से ट्रांसमीटर्स अनेक घरों में स्थापित हैं जो विदेशी ताकतों को खबर करते हैं । मैं मांग करूंगा माननीय गृह मंत्री जी से कि जितने लोगों के पास हथियार है चाहे वे किसी भी संम्प्रदाय के हों चाहे त्रिशूल रखते हो चाहे बरछा चाहे कुछ रखते हों चाहे बंदूक रखते हों माउजर रखते हों जो अन लाइसेंस हो उन सबकी कड़ाई से तलाशी होनी चाहिए । जहां साम्प्रदायिक दंगे हुये है वहां सबके हथियार रखवा लेने चाहिए तब जाकर शांति और अहिंसा में हम विश्वास कर सकते हैं (**समय की घंटी**) डेढ़ दो मिनट समाप्त कर दूंगा ।

एक और ईरान ईराक की लड़ाई चल रही है और दूसरी और पठान और नान पठान की लड़ाई चल रही है पाकिस्तान में, विदेशी ताकतें आज कहीं भी स्थिरता नहीं रहने देना चाहती हैं ऐसी स्थिति में अपने सदन के माननीय सस्दय श्री बेकल उत्साही जी राष्ट्रीय धारा के विख्यात शायर में उनका शेर कहना चाहूंगा :

"मन्दिर मस्जिद और गिरजे थे सभी
गिर जायेंगे तुफान में
सिर्फ मानवता का मुस्कराता चमन रह
जाएगा ।

तो मानवता का मुस्कराता हुआ चमन देश के साथ जन-जन में स्थापित हो सके इसके लिए चाहे बाबरी मस्जिद की एक्शन कमेटी हो चाहे रथ यात्रा की जो कमेटी बना रखी है उसको भंग करना पड़े सरकार को तो भंग करना चाहिए। आप करना क्या चाहते हैं हिन्दुवाद को उभार करके, मुस्लिम-वाद को उभार करके ? मुसल्लम ईमान का नाम मुस्लिम है। अगर मुसल्लम ईमान मुस्लिम में है तो मैं सबसे बड़ा मुसलमान अपने को मानता हू। लेकिन उससे हटकर किस रूप में आप इस देश में साम्प्रदायिक ताकतों को बढ़ावा देना चाहते हैं और इन्सान इन्सान के खून को बहाना चाहते हैं। इसलिए मैं चाहूंगा कि जितने भी हमारे साम्प्र-दायिक संगठन हैं उन्हें बन कीजिए और जितने भी औजार नाजायज ढंग से इस देश में हैं उन पर सर्च करके बड़ी कड़ाई के साथ उन औजारों को रखवा लीजिए और जितने भी विदेशी तत्व हैं, तस्कर हैं इनको बैन कीजिए और डी० आई० आर० के अंतगत बंद कीजिए। देश आपके साथ है, जनता आपके साथ है, इसमें दलों का प्रश्न नहीं है। राजनीति के लिए दलों का प्रश्न नहीं है। राजनीति के लिए तुलसीदास जी ने कहा है :

"राजनीति बिनुधन बिनु धरमा।
प्रभुहि समरपे बिनु सदकरमा ।।"

कोई भी सदकर्म प्रभु को समर्पित करके किया जाए और राजनीति एक पवित्र साधन हो, नैतिकता हो इसलिए आज राजनीतिक दलों का यह कर्तव्य हो जाता है कि अपने साधनों की पवित्रता के साथ अपनी नैतिकता को धर्म को "धारयति इति धर्म: जो ग्रहण कर सकें, जीवन में उतार सकें वही धर्म है, उसको अपनाएं और ईश्वर अल्लाह सब एक है। सबको एक करके इस देश में राष्ट्रीयता पैदा करें कि हम भारतीय हैं :

"हिंदी हैं हम वतन हैं, हिंदोस्तान हमारा,
सारे जहा से अच्छा हिंदोस्तान हमारा ।।"

की भावना जागृत होगी तब इस देश में साम्प्रदायिक जो विभीषिकाएं हैं ऐसी जो चीजें होती हैं...(**समय की घंटी**) अंतर कर रहा हू।

उपसभाध्यक्ष (डा० बापू कालदाते) : कब अंत होगा।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : मैं बाबरी मस्जिद और राम जन्मभूमि की बात करना चाहता हूं। पाच छह महीने पहले हम और बेकल जी फैजाबाद गये थे। वहा के लोगों ने बुलाया था। हिंदू, मुसल-मान सैकड़ों की तादाद में जुटे वहां। उन्होंने कहा कि साब मना करिए दिल्ली से लोग यहा न आये, चाहे हिन्दू हो, चाहे मुसलमान हों, **हम अपने मसले खुद हल** कर लेंगे। **यहां के हिंदुओं को कष्ट होगा** तो हमें कष्ट होगा, दिल्ली वालों को कष्ट नहीं होगा। यहा के मुसलमानों को पीड़ा होगी, तो हमको पीड़ा होगी।

इसलिए बाबरी मजिस्जद कमेटी को चाहे राम मंदिर कमेटी हो, इस सब को भंग करके राष्ट्रीय सम्पत्ति घोषित करके इसका निवारण किया जाना चाहिए।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं काशी के एक मुसलमान कवि के शब्दों से अपना वक्तव्य समाप्त करना चाहता हूं। नजीर बनारसी हमारे बनारस के एक बुजुर्ग शायर हैं। उन्होंने लिखा है —

मेरा मन है सहर-ए गोकुल की तरह से
साफ-सुथरा,
मेरी सांस धीमे-धीमे, कोई बांसुरी बजाए,
मेरी एक आंख गंगा मेरी एक आंख
जमनां मेरा दिल खुद एक संगम, जिसे
पूजना हो आए।

इस भावना को जाग्रत करके हमेशा के लिए दंगो और साम्प्रदायिक विभीषिका के नशे में जो लोग इस देश को बर्बाद करना चाहते हैं, उनको समाप्त करना होगा। तब जाकर हमारी राष्ट्रीयता की महिमा विश्व-जाग्रत होगी, विश्वव्यापी होगी और भारत की राष्ट्रीयता सारी दुनया को प्रेरणा देने में सक्षम होगी।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपना वक्तव्य समाप्त करता हूं।

श्री राम नरेश अवधेश सिंह : माननीय महोदय, साम्प्रदायिकता जैसे गम्भीर समस्या के बारे में देश की सर्वोच्च संस्था बहस कर रही है । इस पर सारे देश की निगाह लगी हुई है । इस बहस के बाद कुछ निकलता है या नहीं, क्योंकि साम्प्रदायिकता की आग में पूरा देश झुलस रहा है और इस आंच से नागरिकों को जितनी पीड़ा होती है उतनी ही राजनेताओं को भी होती है, और देश का जर्रा-जर्रा को रहा है । तो इस ओर निगाह लगी है, लेकिन जिस ढंग से बहस हुई, मुझे उससे निराशा हुई । वह इसलिए कि यहां वकीलों की तरह बहस हुई । मैं चाहता था कि आत्म-निरीक्षण हो, आत्म-परीक्षण हो कि हम में भी कोई गलती है कि नहीं ।

चाहे विपक्ष के लोग हों, चाहे सरकारी पक्ष के लोग हों, वह सब मिलकर के इस समस्या के समाधान के लिए गहरी दृष्टि पेश करते और आत्म-निरीक्षण के साथ सही जगह पर हाथ डालते कि क्या कारण है साम्प्रदायिकता का ?

हमारे माननीय गृह मंत्री जी ने एक वाक्य अपने बयान में लिखा है कि साम्प्रदायिक ताकतों ने जो जहर फैलाया है, साम्प्रदायिकता की वह आग जारी है । मैं इस वाक्य से सहमत हूं, क्योंकि साम्प्रदायिकता पूरी दुनिया में फैलाने का काम साम्राज्यवादी ताकतें करती हैं, करती रही हैं और इस हिंदुस्तान का बंटवारा जो हुआ वह भी साम्प्रदायिक ताकतों की नजाकत और स्वार्थों के चलते हुआ है । आज भी दुनिया के हर हिस्से में साम्राज्यवादी ताकत अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए, अपने आर्थिक स्वार्थों की पूर्ति के लिए खेल रही है ।

आपको याद होगा कि तेल पैदा करने वाले राष्ट्रों का मन बहुत बढ़ गया था अरब के देशों का--वह खास करके मुसलमानी देश ज्यादा हैं । तो वहां लड़ाया इराक और ईरान को लड़ाकर जो 32 डालर प्रति बैरल तेल का दाम था उसको घटाकर 12 डालर प्रति बैरल करवा दिया । यह उनकी ताकत है, वह आर्थिक ताकतों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सांप्रदायिकता फैलाकर लड़ाते हैं और देश के अन्दर जो पूंजीवादी ताकतें हैं व इस काम को बहुत बारीकी से हमारे और आपके माध्यम से करती हैं । उसके लिए कुछ पार्टियां भी हैं जिनको वह सीधा फाइनेंस करती हैं, कुछ राजनीतिक पार्टियां हैं, कुछ सामाजिक संगठन हैं जिनके जरिए ये पूंजीवादी लोग ऐसे खेल खेलते हैं । क्योंकि जो आर्थिक विषमता है, आर्थिक शोषण है, इस आर्थिक शोषण और आर्थिक विषमता से जो भूख और जलन और गुस्सा गरीबों में पैदा होता है उस गुस्से का कहीं जनता पूंजीवाद की ओर न मोड़ दे, पूंजीवादी अर्थ व्यवस्था के खिलाफ न मोड़ दे, इसके लिए वह ध्यान बंटाने के लिए यह सारा काम बखूबी करते हैं । उसमें एक बात मैं कहना चाहता हूं सरकारी पक्ष से यह कह देना कि आर० एस० एस० या कोई दूसरे राजनीतिक दल या विपक्षी दल, तो इस समय मैं डा० लोहिया का एक जुमला पढ़ना चाहता हूं । उन्होंने एक बार इसी संसद में कहा था कि सरकारी पक्ष की तिल भर की गलती, विपक्ष की पहाड़ भर की गलती से भी बड़ी होती है हम अगर गलती करेंगे चाहे आडवाणी साहब गलती करेंगे या बाला साहब देवरस जी गलती करेंगे बड़ी से बड़ी गलती भी करेंगे तो भी सरकार की तिल भर की गलती भी उससे बड़ी होगी। आज वही स्थिति है । जैसे उदाहरण के लिए मैं आपको कहना चाहता हूं । साथियों ने कहा कि बाबरी मस्जिद और राम जन्म भूमि के विवाद में ताला किसने खुलवाया, सरकारी पक्ष के इशारे पर ताल खोला गया । ताला खोलने के बाद विवाद भड़का और सांप्रदायिकता में अंतर करना चाहिए माइनारिटीज की सांप्रदायिकता और मैजोरिटी की सांप्रदायिकता, में बहुत अन्तर होता है । एक होती है भेड़ की सांप्रदायिकता, जो माइनारिटिग के लोग है वे भेंड़ की तरह इकट्ठा होते है और जो मेजोरिटी के लोग होते हैं वे भेंड़ियों की तरह होते है तो वह डरी हुई सांप्रदायिकता है अ

वे मिलते हैं और आपस में मीटिंग करते हैं बचाव के लिए तो उनको होता है डरी हुई साम्प्रदायिकता, लेकिन जो बहुमत वाले लोग होते हैं, उनकी भेड़ियों की साम्प्रदायिकता होती है । उनसे डर होता है । इसलिए मेरा यह कहना है कि इसमें हम लोगों को अपनी छाती पर हाथ रखकर खुद करना चाहिये । इस पर खोज होना चाहिये कि यह किन लोगों ने शुरू किया है, फैलाया है । इधर फिलहाल की बात मैं कहना चाहता हूं कि तात्कालिक जो इधर दो--एक साल के अन्दर में साम्प्रदायिकता का तनाव बढ़ाया गया है, उनके कारणों को खोजिये । ऐसे तो जो दूरगामी कारण हैं, उनकी ओर शुरु में मैंने इशारा किया कि कौन-कौन सी ताकतें काम करती हैं । लेकिन जो तात्कालिक कारण है, वह है कि सरकार राजनीतिक स्तर पर चाहती है कि साम्प्रदायिकता का तनाव बना रहे तो हमको कहने का मौका मिलेगा कि देश की अखंडता कायम करनी है, देश को बचाना है, इसलिए हमारे साथ आओ, हमको ताकत दो, हमको राजनैतिक शक्ति दो । यह इनका काम है, क्योंकि मैं चार्ज करना चाहता हूं महोदय, कि राम जन्म भूमि की जो रथ यात्रा होती थी

5.00 P.M. उसको अगुवाई कौन करता था, जज करते थे, कलेक्टर करते थे, मिनिस्टर करते थे । यह मैं कहना चाहता हूं, अपने भाषण के दरमियान में आडवाणी जी ने कहा कि सेकुलरिज्म का मतलब होता है "सर्वधर्म सम्भाव्य', । मैं इससे सहमत नहीं हूं सर्वधर्म संम्भाव्य सेकुलरिज्म का मतलब नहीं है, सेकुलरिज्म का मतलब है कि राजनीति धर्म से अलग रहेगी, धर्म के साथ राजनीति नहीं चलेगी । जब-जब भी धर्म के साथ राजनीति चलेगी तो धर्म की आड़ में राजनीति अपना फायदा लेना चाहेगी और जब भी राजनीति अपना फायदा लेना चाहेगी तो अपने ढंग से, अपने हित के अनुरूप उसका इस्तेमाल करेगी । उससे देश टूटेगा भीतर से और बाहर से भी टूटने का खतरा रहेगा, देश कमजोर होगा । (**समय की घंटी**) महोदय, दो-तीन मिनट और लेना चाहूंगा ।

तो मैं यह कहना चाहता हूं महोदय, कि साम्प्रदायिकता का मूल कारण जो है, दूरगामी कारण जो है, वह पेट से जुड़ा हुआ है । आज इस देश में जितने मुसलमान हैं और अल्पसंख्यक दूसरे सम्प्रदाय के लोग हैं, उनके मन में एक भय समाया हुआ है कि हमको धीरे-धीरे दूसरे-तीसरे दर्जे का नागरिक बनाया जा रहा है, सोचा नहीं जा रहा, बनाया जा रहा है । मैं फिगर कोड कर सकता हूं, लेकिन अभी इतना समय नहीं है, वैसे आंकड़े मैं प्रस्तुत कर सकता हूं । आजादी के वक्त हिन्दुस्तान में मुसलमानों को नौकरियों में क्लास वन की नौकरी में, पुलिस में और प्लाटून में 25 फीसदी से ज्यादा स्थान हुआ करते थे और आज अगर देखिए तो क्लास वन सर्विसेज में मुसलमान तीन फी सदी भी नहीं हैं, ढाई फीसदी डेढ फीसदी भी नहीं है । तो मैं चाहता हूं कि उनके मन में भय समाया हुआ है, पुलिस में नहीं है, प्लाटून में नहीं है... (**व्यवधान**) ।

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : काफी पाकिस्तान चले गये हैं, उसके कारण फर्क पड़ा है ।

श्री राम अवधेश सिंह : ठीक है । लेकिन आपके साथ 12-13 परसेंट हैं । तो इन 12-13 परसेंट में उनके हिस्से के अनुसार आपने उनको कितना हिस्सा दिया । हमारी संस्कृति का एक अंग यह भी रहा है कि जितना हम उदार रहे हैं, उतना ही वाचाल रहे हैं, हम बोलते ज्यादा हैं । हमारी अपनी संस्कृति का एक अंग यह है कि हम उदार हैं, बहुत मामलों में उदार हैं, लेकिन हमारी जबान भी बहुत लचीली है । एक ओर हम कहते हैं--"वसुधैव कुटुम्बकम्" और दूसरी ओर कहते हैं कि तुम हमारे पानी को छू जाओगे, तुम हमारे घर में घुसोगे,

[श्री राम अवधेश सिंह]

तो अपवित्र हो जायेगा, मन्दिर में घुसोगे, तो हमारा मन्दिर नापाक हो जायेगा। इस तरह की बात करते हैं और दूसरों ओर सारी दुनियां को कुटुम्ब कहते हो। इस विडम्बना को हमको छोड़ना पड़ेगा।

तो मैं यह कहना चाहता हूं कि आज इन तमाम चीजों के पीछे जो डर है ... **(व्यवधान)**।

एक माननीय सदस्य : सारी वोट की नीति है ..... **(व्यवधान)** ...

श्री राम अवधेश सिंह : वोट की की नीति से मैं नहीं बोलता हूं। आप आगे आने वाले दिनों में देखेंगे कि मैं किसी के कहने में या प्रभाव में आकर कोई बात नहीं बोलता हूं। मेरा अपना स्वतन्त्र चिन्तन है और उसके अनुसार काम करता हूं। आपको शायद मालूम नहीं है, जब श्रीमती इन्दिरा गांधी की मैम्बरशिप टर्मिनेट की गयी थी, तो अकेला मैं लोकसभा में जनता पार्टी में था, मैंने कहा था कि यह गलत काम है और मैंने उसको कण्डेम किया था। तो आप जान लीजिये, ऐसा नहीं है। अगर आप विरोध करोगे तो भी मैं सही बात कहूंगा और इधर के लोग भी अगर विरोध करेंगे तो भी मैं सही बात कहूंगा... **(व्यवधान)** महोदय इन चीजों पर हम लोगों को ध्यान देना होगा और जब मंत्री जी जवाब दें, उस समय मैं चाहूंगा कि वे बतायें कि जनता पार्टी की हकूमत ने जो माइनोरिटी कमीशन बहाल किया उसकी इंटरिम रिपोर्ट आ गयी है, उसके बारे में क्या हो रहा है? सरकार उस इंटरिम रिपोर्ट पर कुछ कार्यवाही करना चाहती है या नहीं? महोदय, उसी तरह से मैंने 1978-79 में काका कालेलर की रिपोर्ट को लागू कराने के लिये भी सारे देश में आन्दोलन चलाया था और हमारी हकूमत के खिलाफ चलाया। उस पर मंडल आयोग बिठाया। उस मण्डल आयोग की रिपोर्ट 31 दिसम्बर, 1980 से आपके यहां लम्बित है। उसको बराबर टाला जा रहा है। यह कमेटी करेगी, वह कमेटी करेगी। महोदय, हम यहां साम्प्रदायिकता की बात कर रहे हैं। आज इस देश में 52 प्रतिशत पिछड़े वर्ग के लोग हैं और 40 वर्ष के बाद क्लास-1 की सर्विस में दो फीसदी भी पिछड़े वर्ग को रिप्रेजेंटेशन नहीं है और क्लास-3 में 7 प्रतिशत भी नहीं है। क्लास-4, 5 का हिसाब मुझे पता नहीं। मैं यह चाहूंगा कि मंत्री जी इस पर भी बोलें, यह भी साम्प्रदायिकता का एक अंग है। क्योंकि जब कोई सवाल खड़ा करेगा कि बैकवर्ड क्लास कमीशन की रिपोर्ट को आप लागू करें, तभी आप कहेंगे कि यह साम्प्रदायिकता की बात कर रहा है। इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि माननीय गृह मंत्री जी से कि आप कब तक ऐसी चीजों को टालेंगे। माइनोरिटी कमीशन की रिपोर्ट आकर पड़ी है। उसके बारे में कुछ ठोस कार्यवाही करें। अगर आप नहीं करोगे, मण्डल कमीशन की रिपोर्ट के बारे में नहीं करोगे तो सड़क पर ले जायेंगे और आज तो खण्ड-खण्ड में आ रहे हैं...

उपसभाध्यक्ष (डा० बापू कालदाते) : अब आप समाप्त करें।

श्री राम अवधेश सिंह : कल पिछड़े और आदिवासी सब मिल कर इस सवाल को लेकर सड़क पर जायेंगे तब आपके पैर के नीचे से जमीन खिसक जायेगी। मैं यही कहना चाहता हूं। जय हिन्द।

SHRI BAHARUL ISLAM (Assam): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to speak with a very heavy heart. This is a subject on which one's heart breaks to speak. We do not know where we are going. Communalism was the cause of the partition of this great country. ComnuiLhlism was the cause of the assassination of the Father of the Nation. Commuralism has been the cause of the assassipation of another great leader of this country, Smt. Indira Gandhi And we have been claiming during the last 40 *yens* that we have been marching forward. And indeed we are marching

forward in science and technology, agricultural production, in many things we are marching for ward. And we claim we are the leader in the Third World we are the leader in NAM and our lea- der has won great international fame. Every thing is true. But when we come nearer home and see the communal situation, people have reasons to say: are these civilised people, or are. they brutes? We are killing each other in the name of religion. We do not know whether I am a true Muslim and therefore attacking a non-Muslim, or whether you are a true Hindu and so attacking a Muslim. We are fighting. We do not know what our future is, what the future of this great country is. What will be the future of our next generation. What will be the shape of our own country?

A very important point was raised by Mr. L. K. Advani. I am not going to deal with it at length. Possibly the time at my disposal is very short. How much time have you allotted to me

THE VICE-CHAIRMAN (DR. BAPU KALDATE). You carry on. I will tell you.

SHRI BHARUL ISLAM: If you give me my allotted time of 15 minutes and 5 minutes more from your discretionary quota....

THE VICE-CHAIRMAN (DR. BAPU KALDATE): Ten minutes plus five minutes.

SHRI BAHARUL ISLAM: Mr. Advani raised a point. T am not dealing with this point at great length. But it is a very, very important point. Are we staying here as a Hindu, as a Muslim as a tribal, as an Assamese, as a Bengali or as a Gujarati or are we going to stay, or are our children going to live in this country, as Indians? We have to decide that.

